रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 284] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, दिसम्बर 4, 2014/अग्रहायण 13, 1936
No. 284] NEW DELHI, THURSDAY, DECEMBER 4, 2014/AGRAHAYANA 13, 1936

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग
(पाटनरोधी एवं संबद्ध शुल्क महानिदेशालय)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 4 दिसम्बर, 2014

अंतिम जाँच परिणाम

विषय : कोरिया गणराज्य के मूल के अथवा वहाँ से निर्यातित एसीटोन के आयातों से संबंधित पाटनरोधी जांच की निर्णायक समीक्षा (एसएसआर)

संख्या 15/13/2013-डीजीएडी :समय-समय पर यथासंशोधित सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 (जिसे आगे अधिनियम भी कहा गया है) और समय-समय पर यथासंशोधित सीमाशुल्क टैरिफ (पाटित वस्तुओं की पहचान ,उन पर पाटनरोधी शुल्क का आकलन और संग्रहण तथा क्षतिनिर्धारण) नियमावली, 1995(जिसे आगे नियमावली भी कहा गया है) को ध्यान में रखते हुए;

क. <u>मामले की पृष्ठभूमि</u>

2. निर्दिष्ट प्राधिकारी ने, समय-समय पर यथासंशोधित सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 और समय-समय पर यथासंशोधित सीमाशुल्क टैरिफ (पाटित वस्तुओं की पहचान, उन पर पाटनरोधी शुल्क का आकलन और संग्रहण तथा क्षतिनिर्धारण) नियमावली ,1995 ने दिनांक 12 फरवरी, 2007 की अधिसूचना संख्या 14/13/2006-डीजीएडी के द्वारा कोरिया गणराज्य और रूस के मूल के अथवा वहाँ से निर्यातित एसीटोन (जिसे आगे संबद्ध वस्तु भी कहा गया है) के आयातों से संबंधित मूल पाटनरोधी जांच शुरू की थी।

3. निर्दिष्ट प्राधिकारी ने दिनांक 14 मार्च, 2008 की अधिसूचना संख्या 14/13/2006-डीजीएडी के द्वारा रूस के मूल के अथवा वहाँ से निर्यातित संबद्ध वस्तु से संबंधित जाँच को समाप्त कर दिया था।

4. प्राधिकारी द्वारा दिनांक 9 मई, 2008 की अधिसूचना संख्या 14/13/2006-डीजीएडी द्वारा अंतिम जाँच परिणाम जारी किए गए, जिनमें कोरिया गणराज्य (जिसे आगे संबद्ध देश भी कहा गया है) के मूल के अथवा वहाँ से निर्यातित संबद्ध वस्तु के आयातों पर निश्चयात्मक शुल्क लगाने की सिफारिश की गई थी। अंतिम जाँच परिणामें में प्राधिकारी द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर दिनांक 10 जून, 2008 की अधिसूचना सं. 75/2008-सीमाशुल्क द्वारा राजस्व विभाग द्वारा संबद्ध देश के मूल के अथवा वहाँ से निर्यातित संबद्ध वस्तु के आयातों पर निश्चयात्मक पाटनरोधी शुल्क लगाया गया था।

5. मै हिन्दुस्तान आर्गेनिक कैमिकल्स लिमिटेड (जिसे आगे एचओसीएल भी कहा गया है) ने अधिनियम और नियमावली के अनुसार घरेलू उद्योग की ओर से प्राधिकारी के समक्ष एक विधिवत रूप से साक्ष्यांकित आवेदन दायर किया है जो मै. एसआईग्रुप इंडिया लिमिटेड (जिसे आगे एसआई ग्रुप भी कहा गया है) द्वारा समर्थित है और जिसमें संबद्ध देश के मूल के अथवा वहाँ से निर्यातित संबद्ध वस्तु के आयातों पर लागू पाटनरोधी शुल्क की निर्णायक समीक्षा करने का अनुरोध किया गया है और संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु का पाटन होने और परिणामी क्षति और पाटनरोधी शुल्क को हटाये जाने की स्थिति में पाटन और क्षति के जारी रहने या उसकी पुनरावृति होने की संभावना का आरोप लगाया गया है। आवेदक ने संबद्ध देश के मूल के अथवा वहाँ से निर्यातित संबद्ध वस्तु के आयातों पर लागू पाटनरोधी शुल्क की समीक्षा करने, उसे जारी रखने और उसे बढाने का अनुरोध किया है।

6. घरेलू उद्योग की ओर से दायर विधिवत रूप से साक्ष्यांकित आवेदन के मद्देनजर और पाटनराधी नियमावली के नियम 23 के साथ पठित अधिनियम की धारा 9क (5) के अनुसार, प्राधिकारी ने संबद्ध देश के मूल के अथवा वहाँ से निर्यातित संबद्ध वस्तु के आयातों के संबंध में लागू पाटनरोधी शुल्क को जारी रखने की जरूरत की समीक्षा करने और इस बात की जाँच करने कि क्या उक्त शुल्क की समाप्ति से पाटन के जारी रहने या उसकी पुनरावृत्ति होने और घरेलू उद्योग को क्षति होने की संभावना है, के लिए दिनांक 6 जून, 2013 की अधिसूचना सं. 15/13/2013-डीजीएडी के द्वारा निर्णायक समीक्षा जाँच की शुरूआत की थी।

7. केन्द्र सरकार द्वारा दिनांक 25.06.2013 की अधिसूचना सं. 12/2013-सीमाशुल्क (एडीडी) के द्वारा संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क की वैधता को 09.06.2014 तक बढा दिया गया।

8. वर्तमान समीक्षा के दायरे में पूर्ववर्ती जाँचों में संबद्ध देश के मूल के अथवा वहाँ से निर्यातित संबद्ध वस्तु के आयातों से संबंधित सभी पहलू शामिल हैं।

ख. <u>प्रक्रिया</u>

9. संबद्ध जांच के संबंध में निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन किया गया है:

i. नई दिल्ली के संबद्ध देश के दूतावास को नियम 6(2) के अनुसार इस जांच की शुरूआत के बारे में सूचित किया गया था।

ii. इस प्राधिकारी ने उपर्युक्त नियमावली 6(3) के अनुरूप ज्ञात निर्यातकों तथा संबद्ध देश के दूतावास को इन आवेदनों का अगोपनीय पाठ की प्रतियां उपलब्ध कराई थी। आवेदन अगोपनीय अंश की एक प्रति सार्वजनिक फाइल में भी उपलब्ध कराई गई और अनुरोध करने पर अन्य हितबद्ध पक्षकारों को दी गई।

iii. प्राधिकारी ने कोरिया गणराज्य में निम्नलिखित ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों (जिनके नाम और पते प्राधिकारी को उपलब्ध कराए गए) को सार्वजनिक सूचना की प्रतियां अग्रेषित की तथा उन्हें नियमावली 6(2) एवं 6(4) के अनुरूप पत्र की तारीख से 40 दिनों के भीतर लिखित में अपने दृष्टिकोण रखने का उन्हें अवसर दिया:

i. मैसर्स एलजी कैम लिमिटेड
ii. जिसान कैमिकल कं0 लिमिटेड
iii. एम कार्पोरेशन
iv. ह्युमेड कार्पोरेशन
v. ओसीआई कार्पोरेशन
vi. कुम्हो पी एण्ड बी केमिकल्स

vii. कोविन ग्लोबल कंपनी लिमिटेड

iv. कोरिया गणराज्य के निम्नलिखित उत्पादकों/निर्यातकों/व्यापारियों से निर्यातक प्रश्नावली के उत्तर प्राप्त हुए:

i. कुम्हो पी एण्ड बी केमिकल इंक, कोरिया गणराज्य (उत्पादक) कोविन ग्लोबल क. लि. , ह्युमेड कार्पोरेशन, जिसान केमिकल्स क. लि., एम कार्पोरेशन और ओसीआई कार्पोरेशन

ii. मैसर्स एलजी कैम लिमिटेड कोरिया गणराज्य (उत्पादक और निर्यातक)

v. इस प्राधिकारी ने भारत में संबद्ध वस्तुओं के निम्नलिखित ज्ञात आयातकों/उपभोक्ताओं (जिनके नाम एवं पते आवेदक द्वारा प्राधिकारी को उपलब्ध कराये गए थे) को सार्वजनिक सूचना की प्रतियां अग्रेषित की तथा उन्हें सलाह दी कि नियम 6(4) के अनुरूप इस पत्र के जारी होने की तिथि से चालीस (40) दिनों के भीतर लिखित रूप में अपने दृष्टिकोण से अवगत करायें:

i. फ्यूचर ऑप्शन एक्सोपर्ट्स प्राईवेट लिमिटेड

ii. नेशनल आर्गेनिक केमिकल्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड

iii. रेनबैक्सी लेब्रोट्रीज़ लिमिटेड

iv. लेनएक्सेस इंडिया प्राईवेट लिमिटेड

v. क्रिसंट कैमसोल प्राईवेट लिमिटेड

vi. मैसर्स सी.जे. शाह एण्ड कंपनी

vii. मैसर्स हरेश कुमार एण्ड कंपनी

viii. मैसर्स पीसीएल ऑयल एण्ड इंडस्ट्रीज

ix. मैसर्स कांतिलाल मनीलाल एण्ड कंपनी प्राईवेट लिमिटेड

x. मैसर्स सोनकमल इंटरप्राइसिस

xi. मैसर्स खेतान ब्रदर्स

xii. मैसर्स शुभम डाइज़ एण्ड केमिकल्स लिमिटेड

xiii. मैसर्स एक्रोन इंटरप्राइसिस

xiv. मैसर्स नेकनावारे केमिकल्स लिमिटेड

xv. मैसर्स पारस डाइज़ एण्ड केमिकल्स

xvi. मैसर्स ट्रोन्ट फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड

xvii. मैसर्स युनाईटेड फास्फोरस लिमिटेड

xviii. मैसर्स रेसिनस एण्ड प्लास्टिक लिमिटेड

xix. मैसर्स कैलाश पोलीम्र्स

xx. मैसर्स सेंट्रम मेटालिक्स प्राईवेट लिमिटेड

xxi. मैसर्स वंडर लेमिनेटस प्राईवेट लिमिटेड

xxii. मैसर्स मेघदेव इंटरप्राइसिस

xxiii. मैसर्स सतगुरू इंटरनेशनल

xxiv. मैसर्स हाई पोलीमर्स लेब्स लिमिटेड

xxv. मैसर्स रैनबो क्लर्स एण्ड केमिकल्स

xxvi. मैसर्स ब्लीच मार्केटिंग प्राईवेट लिमिटेड

xxvii. मैसर्स कारमेन इंटरनेशनल (प्रा.) लिमिटेड

xxviii. मैसर्स कृष्णा एंटीएक्सीडेंट्स प्राईवेट लिमिटेड

xxix. मैसर्स एनजीपी इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड

xxx. मैसर्स फार्मसन फार्मास्युटिकल्स गुजरात लिमिटेड

xxxi. मैसर्स इंडिया ग्लाइकोल्स लिमिटेड

xxxii. मैसर्स सिंह प्लास्टिसाईजर्स एण्ड रेसिनस (इंडिया) प्राईवेट

xxxiii. मैसर्स नेशनल प्लाईवुड इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड

xxxiv. कुंदन राइस मिल्स लिमिटेड

vi. किसी आयातक से प्रश्नावली का कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है।

vii. याचिका का समर्थन करने वाले अन्य घरेलू उत्पादक एसआई ग्रुप इंडिया लिमिट ने तत्पश्चात संगत सूचना दी है।

viii. वर्तमान समीक्ष जांच के उद्देश्य से जांच की अवधि (पीओआई) 1 जनवरी, 2012 से 31 दिसम्बर, 2012 तक है। हानि संबंधी विश्लेषण के संदर्भ में प्रवृत्तियों की जांच में अप्रैल 2009 - मार्च 2010, अप्रैल 2010 - मार्च 2011, अप्रैल 2011 - मार्च 2012 तथा जांच की यह अवधि शामिल है।

ix. वाणिज्य आसूचना एवं सांयिकी महानिदेशालय (डीजीसीआई एंड एस) से लिए गए सौदा-वार आयात आकड़ों का वर्तमान एसएसआर जांच में विश्लेषण के लिए विश्वसनीय माना है।

x. निर्यातक, उत्पादक, आयातक और अन्य हितबद्ध पक्षकारों, जिन्होंने इस प्राधिकारी को न तो उत्तर दिया है और न ही इस जांच से संबंधित सूचना दी है, को प्राधिकारी द्वारा असहयोगी हितबद्ध पक्षकारों के रूप में माना गया है।

xi. इस प्राधिकारी में नियम 6(7) के अनुसार हितबद्ध पक्षकारों द्वारा जांच हेतु रखी गई सार्वजनिक फाईल के रूप में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य को अगोपनीय पाठ उपलब्ध करया।

xii. प्राधिकारी ने उत्पादन की लागत तय करने तथा अपनी सतत रीतियों के अनुसार भारत से संबद्ध वस्तुओं का क्षति रहित मूल्य का निर्धारण करने जिससे इस बात की जांच की जा सके कि पाटन मार्जिन से कम पाटनरोधी शुल्क घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति को दूर करने के लिए पर्याप्त होगा, हेतु नियमावली के अनुबंध-III में निर्धारित दिशानिर्देशों के आधार पर संभव सीमा तक घरेलू उत्पादक द्वारा प्रस्तुत सूचना की जांच की है।

xiii. प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों को 18.02.2014 और 11 अगस्त, 2014 को आयोजित आम सुनवाई में अपना दृष्टिकोण मौखिक रूप से प्रस्तुत करने का अवसर दिया। सुनवाई में भाग लेने वाले सभी हितबद्ध पक्षकारों से अनुरोध किया गया था कि वे मौखिक रूप से व्यक्त किए गए अपने दृष्टिकोण को लिखित रूप में प्रस्तुत करें।

xiv. भाग लेने वाले घरेलू उत्पादक द्वारा प्रस्तुत सूचना एवं आंकड़ों का सत्यापन उस सीमा तक किया गया जहां तक उसे आवश्यक माना गया।

xv. राजस्व विभाग ने दिनांक 9.6.2014 के पत्र सं. 354/10/2008-टीआरयू(पीटी-1) द्वारा जांच पूरी करने की समय-सीमा को 5.12.2014 तक बढ़ा दिया।

xvi. भाग लेने वाले घरेलू उत्पादक द्वारा प्रस्तुत सूचना एवं आंकड़ों का सत्यापन उस सीमा तक किया गया जहां तक उसे आवश्यक माना गया।

xvii. गोपनीय आधार पर हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दी गई सूचना की जांच उनके गोपनीयता के दावे के पर्याप्त होने के संबंध में की गई। संतुष्ट होने पर इस प्राधिकारी ने जहां भी आवश्यक हुआ गोपनीयता के दावों को स्वीकार किया है और इस प्रकार की सूचना को गोपनीय माना गया है और उसे अन्य हितबद्ध पक्षकारों को नहीं बताया गया है। जहां भी संभव हुआ गोपनीय आधार पर सूचना देने वाले पक्षकारों को निर्देश दिया गया है कि वे गोपनीय आधार पर दी गई सूचना का पर्याप्त अगोपनीय भाग उपलब्ध करायें।

xviii. संबंधित नियमावली के नियम 16 के अनुसार प्राधिकारी ने 26 नवम्बर, 2014 को प्रकटन बयान के रूप में सभी हितबद्ध पक्षकारों को इस मामले के आवश्यक तथ्यों से अवगत कराया और उनसे प्राप्त टिप्पणियों पर प्राधिकारी द्वारा संगत सीमा तक इस जांच परिणाम में विचार किया गया है।

xix. इस निष्कर्ष में *** किसी हितबद्ध पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर प्रस्तुत सूचना तथा नियमावली के अंतर्गत प्राधिकारी द्वारा इस प्रकार से विचार किये जाने का द्योतक है।

xx. पीओआई के लिए विनियम दर इस प्राधिकारी द्वारा 53.69 रुपया = 1 अमरीकी डॉलर के रूप में लिया गया है।

ग <u>विचाराधीन उत्पाद का दायरा और समान वस्तु</u>

<u>घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध</u>

10. विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए है:

i. चूंकि वर्तमान जांच निर्णायक समीक्षा है इसलिए विचाराधीन उत्पाद का दायरा मूल जांच के समान ही रहना चाहिए।

ii. विचाराधीन उत्पादन को सीमा-शुल्क टैरिफ अधिनियम के अध्याय 29 के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है। केन्द्र सरकार द्वारा सीमा-शुल्क शीर्ष 29141100 के अंतर्गत दिनांक 10 जून, 2008 की सीमा शुल्क अधिसूचना संख्या 75/2008-सीमा-शुल्क द्वारा निश्चयात्मक पाटनरोधी शुल्क लगाया गया था। तथापि यह सीमा-शुल्क वर्गीकरण केवल सांकेतिक है और जांच के दायरे पर किसी तरह से बाध्यकारी नहीं है।

iii. विचाराधीन उत्पादन के संबंध में इस अवधि के दौरान कोई खास विकास नहीं हुआ है।

iv. घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादि वस्तुएं भौतिक और तकनीकी विशेषताओं, विनिर्माण प्रक्रिया और प्रौद्योगिकी, कार्य और प्रयोग, उत्पाद विनिर्देशन, कीमत निर्धारण, वितरण और विपणन तथा टैरिफ वर्गीकरण जैसे मापदंडों की दृष्टि से आयातित उत्पाद के समान वस्तु है।

<u>उत्पादकों/निर्यातकों/आयतकों/अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा अनुरोध</u>

11. विचाराधीन उत्पाद (पीयूसी) और समान वस्तु के दायरे के संबंध में उत्पादकों/निर्यातकों/आयतकों/अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा कोई संगत अनुरोध नहीं किए गए हैं।

<u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

12. मूल जांच तथा वर्तमान एसएसआर जांच में विचाराधीन उत्पाद (पीयूसी) एसीटोन है। यह एकल ग्रेड में उत्पादित एक आधारभूत कार्बनिक रसायन है। यह एक रंगहीन द्रव है जिसमें इथर जैसी गंध होती है। इसका प्रयोग विलायक या मध्यवर्ती वस्तु के रूप में अनेक कार्बनिक संयोजनों में किया जाता है। इसका प्रयोग बल्क भेषजों, कृषि रसायनों, डाई स्टफ, कतिपय विस्फोटकों और डाउन-स्ट्रीम रसायनों के विनिर्माण में किया जाता है। एसीटोन का प्रयोग विशेष रूप से आईसोफोरोन, डाइएसीटोन, एल्कोहल, मिथाइल मिथाक्रिलेट और बिस्फेनोल-ए के विनिर्माण में किया जाता है। इसके अलावा इसका प्रयोग कतिपय रबड़ रसायनों या ऑक्सी एसीटीलिन सेल्यूलोच एसीटेट के विनिर्माण में किया जाता है। आवेदकों ने दावा किया है कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित वस्तुएं भौतिक और तकनीकी विशेषताओं, विनिर्माण प्रक्रिया और प्रौद्योगिकी, कार्य और प्रयोग, उत्पाद विनिर्देशन, कीमत निर्धारण, वितरण और विपणन तथा टैरिफ वर्गीकरण जैसे मापदंडों की दृष्टि से आयातित उत्पाद के समान वस्तु है। चूंकि वर्तमान जांच निर्णायक समीक्षा है इसलिए विचाराधीन उत्पाद का दायरा मूल जांच के समान ही रहना चाहिए। एसीटोन को सीमा-शुल्क टैरिफ अधिनियम के अध्याय 29 में उप-शीर्ष 29141100 के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है। तथापि यह सीमा-शुल्क वर्गीकरण केवल सांकेतिक है और जांच के

दायरे पर किसी तरह से बाध्यकारी नहीं है

13. चूंकि वर्तमान जांच एक निर्णायक समीक्षा जांच है इसलिए प्राधिकारी नोट करते है कि वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद का दायरा मूल जांच के दायरे के समान ही रहेगा। इसके अलावा किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने समीक्षा के दायरे में संशोधन (कटौती सहित) करने का कोई संगत अनुरोध नहीं किया है।

घ <u>घरेलू उद्योग और उसकी स्थिति</u>

<u>उत्पादकों/निर्यातकों/आयतकों/अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा अनुरोध</u>

14. घरेलू उद्योग और उसकी स्थिति के दायरे के संबंध में उत्पादकों/निर्यातकों/आयतकों/अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखत अनुरोध किए गए हैं:-

i. हिन्दुस्तान आर्गेनिक कैमिकल्स लिमिटेड (एचओसीएल) का एसीटोन संयंत्र पिछले कुछ महीनों से बंद पड़ा है इसके मद्देनज़र एचओसीएल को घरेलू उद्योग नहीं माना जा सकता है।

ii. एसआई ग्रुप ने केवल याचिका का समर्थन किया है एसआई ग्रुप को इतने अंतिम स्तर पर घरेलू उत्पादक विस्तृत आंकड़े संबंधी उत्तर प्रस्तुत करने की अनुमति प्राधिकारी द्वारा नहीं दी जानी चाहिए।

iii. एसआई ग्रुप ने संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु का आयात किया है और आबद्ध खपत के लिए उसका प्रयोग किया है।

<u>घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध</u>

15. घरेलू उद्योग और उसकी स्थिति के संबध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए है:

i. घरेलू उद्योग का दायरा और उसकी स्थिति किसी निर्णायक समीक्षा में संगत नहीं होते हैं फिर भी याचिकाकर्त्ताओं का जांच अवधि में भारतीय उत्पादन में प्रमुख हिस्सा रहा है और इसलिए वे घरेलू उद्योग हैं।

ii. दिनांक 18.02.2014 को हुई पहली मौखिक सुनवाई के दौरान हितबद्ध पक्षकारों द्वारा यह तर्क दिया गया था कि एसआई ग्रुप ने क्षति संबंधी सूचना नहीं दी है और इसका अर्थ यह है कि कंपनी को कोई नुकसान नहीं हुआ है। तब से एसआई ग्रुप ने लागत और क्षति संबंधी सूचना प्रस्तुत की है। तथापि अब यह तर्क दिया जा रहा है कि एसआई ग्रुप की सूचना पर विचार नहीं किया जा सकता है और उन्हें केवल "समर्थक" माना जाना चाहिए। घरेलू उद्योग द्वारा जांच शुरूआत के बाद दी गई सूचना को शामिल करने पर कोई प्रतिबंध नहीं है वस्तुत: जांच शुरूआत के बाद सूचना मांगने का उद्देश्य प्राधिकारी को जांच से संगत अधिकाधिक सूचना एकत्र करने में सक्षम बनाना है। पहले भी ऐसी घटनाएं हुई है जिसमें विनिर्दिष्ट प्राधिकारी ने जांच शुरूआत के पश्चात घरेलू उत्पादकों द्वारा प्रस्तुत सूचना पर विचार किया है और ऐसे उत्पादकों को "घरेलू उद्योग" का हिस्सा माना है। अत: एसआई ग्रुप को घरेलू उद्योग का हिस्सा माना जाना चाहिए।

iii. विनिर्दिष्ट प्राधिकारी के लिए केवल जांच अवधि के दौरान प्रचलित स्थिति पर विचार करना अपेक्षित है। एचओसीएल ने उत्पाद के भारी पाटन जिसकी वजह से उनके वर्तमान प्रचालन पूरी तरह से अव्यवहार्य हो गए थे, के कारण उत्पादन बंद कर दिया था। एचओसीएल पूरी तरह से व्यापार से बाहर नहीं गया है। उसने केवल उत्पादन बंद किया है। वास्तव में यह तथ्य घरेलू उद्योग के इस तर्क का समर्थन करता है कि देश में उत्पाद के पाटन को रोका जाना घरेलू उद्योग के उचित बाजार स्थिति में कार्य करने देने के लिए आवश्यक है।

iv. एसआई ग्रुप के संबंध में कंपनी ने याचिका का समर्थन किया है। सुनवाई के पश्चात के अनुरोधों में एसआई ग्रुप को हुई क्षति से संबंधित सूचना पहले ही दे दी गई है जिससे स्पष्ट रूप से सिद्ध होता है कि एसआई ग्रुप को भी कंपनी के कार्य निष्पादन में भारी क्षति उठानी पड़ी है।

v. एसबीआर के मामले में प्राधिकारी द्वारा अधिसूचित अंतिम जांच परिणामों जिनमें प्राधिकारी को सूचित किया गया था कि याचिकाकर्त्ता ने उत्पादन पूरी तरह बंद कर दिया है, में भी विनिर्दिष्ट प्राधिकारी ने यह मानते हुए शुल्क की सिफारिश की थी कि यह जांच के बाद की गतिविधि है। यह ऐसी स्थिति थी जब देश में कोई अन्य घरेलू उत्पादक नही था। वर्तमान मामले में स्वीकृत रूप से देश में दूसरा उत्पादक है जिसने याचिका का समर्थन भी किया है।

<u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

16. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि यह याचिका केवल एचओसीएल द्वारा की गई और एसआई ग्रुप द्वारा समर्थित है। प्राधिकारी नोट करते है कि वर्तमान एसएसआर जांच आवेदन घरेलू उद्योग की ओर मैसर्स हिन्दुस्तान आर्गेनिक कैमिकल्स

लिमिटेड द्वारा दायर किया गया है। इस आवेदन को मैसर्स एसआई ग्रुप इंडिया लिमिटेड का समर्थन भी प्राप्त है जिन्होंने बाद में संगत सूचना प्रस्तुत की है। दोनों घरेलू उत्पादकों द्वारा प्रस्तुत सूचना का प्राधिकारी द्वारा संगत समझी गई सीमा तक सत्यापन किया गया है।

17. प्राधिकारी नोट करते है कि मैसर्स एसआई ग्रुप इंडिया लिमिटेड ने शुल्क छूट योजना के अंतर्गत जांच अवधि के दौरान संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु का आयात किया है। जैसा एसआई ग्रुप द्वारा स्पष्ट किया गया है शुल्क छूट के अंतर्गत शुल्क मुक्त आयात निर्यात प्रयोजन के लिए वस्तुओं के विनिर्माण हेतु होते हैं और ऐसे शुल्क मुक्त आयातों का व्यापार घरेलू बाजार में नहीं किया जाता है। इसके मद्देनजर संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु के आयातों से घरेलू बाजार का कोई संबंध नहीं है और इसलिए इससे एसआई ग्रुप के घरेलू उद्योग होने की स्थिति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

18. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि एचओसीएल को घरेलू उद्योग नहीं माना जा सकता है क्योंकि एचओसीएल का एसीटोन संयंत्र पिछले कई महीनों से बंद पड़ा है। प्राधिकारी नोट करते है कि एचओसीएल का एसीटोन संयंत्र जांच अवधि के दौरान चालू था। यदि जांच अवधि के पश्चात की अवधि के दौरान संयंत्र को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है तो वर्तमान जांच से उसकी कोई संगतता नहीं है।

19. इस तर्क के संबंध में एसआई ग्रुप ने जांच शुरूआत के बाद सूचना प्रस्तुत की है और इसलिए क्षतिनिर्धारण हेतु उस पर विचार नहीं किया जा सकता है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उत्पादकों द्वारा जांच शुरूआत के बाद दी गई सूचना को शामिल करने पर कोई प्रतिबंध नहीं है। वस्तुत: जांच शुरूआत के बाद सूचना मांगने का उद्देश्य प्राधिकारी को जांच से संगत अधिकाधिक सूचना एकत्र करने में सक्षम बनाना है।

20. प्राधिकारी आगे नोट करते है कि देश में संबद्ध वस्तु का कोई अन्य ज्ञात उत्पादक नहीं है। प्राधिकारी मानते हैं कि मैसर्स हिन्दुस्तान आर्गेनिक कैमिकल्स लिमिटेड और मैसर्स एसआई ग्रुप इंडिया लिमिटेड संबद्ध वस्तु का कुल भारतीय उत्पादन करते हैं और नियमावली के अर्थ के भीतर घरेलू उद्योग है।

ङ गोपनीयता

उत्पादकों/निर्यातकों/आयतकों/अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा अनुरोध

21. विरोधी हितबद्ध पक्षकारों ने आरोप लगाया है कि घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत एनसीवी सारांश अपर्याप्त है और वह प्रकटन संबंधी जरूरी आवश्यकता को पूरा नहीं करता है और उससे उनके अनुरोधों में बाधा पहुंची है।

घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

22. घरेलू उद्योग ने यह कहते हुए इस बात का विरोध किया है कि उनके द्वारा प्रस्तुत सूचना का अगोपनीय अंश पूर्ववर्ती प्रक्रियाओं से संगत है और संबंधित नियमों का पूरी तरह से पालन करता है।

प्राधिकारी द्वारा जांच

23. सूचना की गोपनीयता के संबंध में पाटन-रोधी नियमावली के नियम-7 में निम्नानुसार व्यवस्था है:-

(1) नियम 6 के उपनियमों (2), (3) और (7), नियम 12 के उपनियम (2), नियम 15 के उपनियम (4) और नियम 17 के उपनियम (4) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी जांच की प्रक्रिया में नियम 5 के उपनियम (1) के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के प्रतियां या किसी पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर निर्दिष्ट प्राधिकारी को प्रस्तुत किसी अन्य सूचना के संबंध में निर्दिष्ट प्राधिकारी उसकी गोपनीयता से संतुष्ट होने पर उस सूचना को गोपनीय मानेंगे और ऐसी सूचना देने वाले पक्षकार से स्पष्ट प्राधिकार के बिना किसी अन्य पक्षकार को ऐसी किसी सूचना का प्रकटन नहीं करेंगे।

(2) निर्दिष्ट प्राधिकारी गोपनीय अधिकारी पर सूचना प्रस्तुत करने वाले पक्षकारों से उसका अगोपनीय सारांश प्रस्तुत करने के लिए कह सकते हैं और यदि ऐसी सूचना प्रस्तुत करने वाले किसी पक्षकार की राय में उस सूचना का सारांश नहीं हो सकता है तो वह पक्षकार निर्दिष्ट प्राधिकारी को इस बात के कारण संबंधी विवरण प्रस्तुत करेगा कि सारांश करना संभव क्यों नहीं है।

(3) उप नियम (2) में किसी बात के होते हुए भी यदि निर्दिष्ट प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट है कि गोपनीयता का अनुरोध अनावश्यक है या सूचना देने वाला या तो सूचना को सार्वजनिक नहीं करना चाहता है या उसकी सामान्य रूप में या सारांश रूप में प्रकटन नहीं करना चाहता है तो वह ऐसी सूचना पर ध्यान नहीं दे सकते हैं।

24. प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों के गोपनीयता संबंधी दावों की जांच की है और संतुष्ट होने पर गोपनीयता के दावे को माना है। प्राधिकारी ने नियम 6(7) के अनुसार अनुरोध करने पर निरीक्षण हेतु विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों के अगोपनीय अंश वाली सार्वजनिक फाइल को सभी हितबद्ध पक्षकारों को उपलब्ध कराया है।

छ. <u>विविध अनुरोध</u>

<u>उत्पादकों/निर्यातकों/आयतकों/अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए विविध अनुरोध</u>

25. उत्पादकों/निर्यातकों/आयतकों/अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित विविध अनुरोध किए गए हैं:-

i. एचओसीएल अपने हित के लिए लगातार डब्ल्यूटीओ तंत्र का दुरुपयोग करता रहा है। उसने भारत सरकार द्वारा मात्रात्मक प्रतिबंधों को हटाए जाने के बाद से पाटन-रोधी शुल्कों और रक्षोपाय को लागू करने के लिए संरक्षण मांगते हुए भारत सरकार को याचिकाएं दायर की हैं।

ii. घरेलू उत्पादक अर्थात एचओसीएल और एसआई ग्रुप द्वारा ऐसीटोन की संयुक्त उत्पादन क्षमता वार्षिक घरेलू मांग के लगभग एक-तिहाई को ही पूरा कर सकती है और एचओसीएल के संयंत्र के बंद होने से यह और कम हो गई है इसलिए पीयूसी के आयात आवश्यक और अपरिहार्य है। पाटन-रोधी शुल्क को लागू करने के रूप में कोई प्रतिबंध डब्ल्यूडीओ करार का उल्लंघन होगा, विशेषरूप से तब जब याचिकाकर्त्ता कंपनी मांग के केवल 12% को पूरा करती है।

iii. इस समय भारत में मुद्रास्फीति पर रोग रोक लगाना सार्वजनिक नीति की सर्वोच्च वरीयता है। पाटन-रोधी शुल्क लगाए जाने से मुद्रास्फीति कम होने के बजाए निरंतर बढ़ जाएगी।

iv. ऐसी स्थिति में जबकि 70% घरेलू मांग आयातों द्वारा पूरी की जा रही है, पाटन-रोधी शुल्क लगाना अनुचित है।

v. ऐसीटोन की कीमतें वैश्विक मांग और आपूर्ति के आधार पर निर्धारित की जाती है। पाटन-रोधी शुल्क लगाने से डब्ल्यूडीओ करार का उल्लंघन होगा।

<u>घरेलू उद्योग द्वारा किए गए विविध अनुरोध</u>

26. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित विविध अनुरोध किए गए हैं:

i. याचिकाकर्त्ताओं ने आयातों पर प्रतिबंध की मांग नहीं की है। यह अनुरोध घरेलू उद्योग के लिए उचित बाजार स्थिति हेतु है जिसे पाटन की प्रक्रिया द्वारा समाप्त कर दिया गया है। मांग और आपूर्ति में अंतर वर्तमान मामले में सुस्थापित वास्तविक स्थिति है। तथापि निर्दिष्ट प्राधिकारी ने पूर्व में इस आधार पर शुल्कों की सिफारिश की है कि मांग और आपूर्ति का अंतर घरेलू उद्योग को क्षति का कारण बनने वाले उत्पाद के पाटन के समाधान में पूर्णत: अवास्तविक है।

ii. मुद्रास्फीति के संबंध में यह बात निराधार है कि वर्तमान पाटन-रोधी शुल्क से मुद्रास्फीति बढ़ी है। इसके विपरीत जैसा प्राधिकारी ने बार-बार माना है पाटन-रोधी उपायों को लागू करने से पाटन प्रक्रियाओं द्वारा प्राप्त अनुचित लाभ समाप्त होते हैं, घरेलू उद्योग का ह्रास रूकेगा और उपभोक्ताओं के लिए संबद्ध वस्तु के व्यापक विकलप बनाए रखने में मदद मिलेगी। पाटन-रोधी उपाए लागू होने से संबद्ध देश से आयात किसी भी तरह से बाधित नहीं होंगे और इसलिए उपभोक्ताओं को उत्पाद की उपलब्धता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

iii. पाटन-रोधी शुल्क का उद्देश्य केवल पाटन की अनुचित प्रथाओं को हटाना है। इससे डब्ल्यूटीओ करार का उल्लंघन नहीं होता है। वास्तव में उत्पाद पर पूर्व में लागू सभी पाटन-रोधी शुल्क भारतीय नियमों और डब्ल्यूटीओ करार के अनुसार रहे हैं। डब्ल्यूटीओ करार में कही भी यह व्यवस्था नहीं है कि यदि घरेलू उद्योग भारतीय मांग का केवल 12% पूरा करता है तो वह संरक्षण का हकदार नहीं है।

<u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

27. जहां तक इस अनुरोध का संबंध है कि पाटनरोधी शुल्क को लागू करने से मुद्रास्फीति बढती है प्राधिकारी नोट करते है कि पाटनरोधी शुल्क लागू होने से संभवत: संबंद्ध वस्तु से विनिर्मित उत्पादों के कीमत स्तर प्रभावित हो सकते हैं और

परिणामस्वरूप इन उत्पादों की सापेक्षिक प्रतिस्पर्धात्मकता कुछ हद तक प्रभावित हो सकती है। तथापि, पाटनरोधी शुल्कों द्वारा भारतीय बाजार में उचित प्रतिस्पर्धा में कमी नहीं आएगी, विशेष रूप से यदि पाटनरोधी शुल्क की राशि को ऐसी राशि तक सीमित रखा जाए जो घरेलू उद्योग को हुई क्षति की भरपाई करने के लिए आवश्यक हो। इसके विपरीत, पाटन-रोधी उपायों को लागू करने से पाटन प्रक्रियाओं द्वारा प्राप्त अनुचित लाभ समाप्त होते हैं, घरेलू उद्योग का ह्रास रूकेगा और उपभोक्ताओं/प्रयोक्ताओं के लिए संबद्ध वस्तु के व्यापक विकल्प बनाए रखने में मदद मिलेगी।

28. इस तर्क के संबंध में पाटनरोधी शुल्क को लागू करके लगाया गया कोई प्रतिबंध तक डब्ल्यूटीओ करार का उल्लंघन होगा जब याचिकाकर्त्ता कंपनी मांग का केवल 12 प्रतिशत ही पूरा करती है, प्राधिकारी नोट करते है कि घरेलू उद्योग ने जाँच अवधि में 29 प्रतिशत मांग को पूरा किया है। इसके अलावा, पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध II के साथ पठित नियम 11 के अनुसार प्राधिकारी ने पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग को हुई क्षति को निर्धारित किया है। वर्तमान जाँच में आवेदक पाटनरोधी नियमावली के नियम 2 (ख) के अंतर्गत घरेलू उद्योग हैं और क्षति संबंधी विश्लेषण घरेलू उद्योग से संबंधित सत्यापित सूचना के आधार पर किया गया है और इसलिए वर्तमान मामले में पाटनरोधी शुल्क लगाया जाना,यदि कोई हो, डब्ल्यूटीओ करार का उल्लंघन नहीं होगा।

29. जहां तक इस अनुरोध का संबंध है कि घरेलू उद्योग देश की पूरी मांग को को पूरा करने में असमर्थ है और आयात अपरिहार्य हैं, प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी नियमावली के अंतर्गत घरेलू उद्योग की ओर से बाजार में उचित कीमत के लिए पात्र होने के लिए पूरी मांग को पूरा करना अनिवार्य नहीं है। इसके अलावा, प्राधिकारी नोट करते है कि पाटनरोधी उपाय लागू होने से आयातक/प्रयोक्ता आयात से प्रतिबंधित नहीं होंगे बल्कि इससे उचित और प्रतिस्पर्धी कीमत पर अनेक स्रोतों से आपूर्ति सुनिशित होगी।

30. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि घरेलू उद्योग ने पाटनरोधी कानूनों और रक्षोपाय कानूनों के अंतर्गत संरक्षण की मांग की है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग के लिए पाटनरोधी कानूनों और रक्षोपाय कानूनों के अंतर्गत संरक्षण मांगने पर कोई विधिक रोक नहीं है।

ज. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन का निर्धारण

<u>घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध</u>

31. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित विविध अनुरोध किए गए हैं:

i. याचिकाकर्ता संबद्ध देश के घरेलू बाजार में संबद्ध वस्तु की कीमत संबंधी कोई सूचना/साक्ष्य प्राप्त करने में असमर्थ रहे हैं। अत: संबद्ध देश में सामान्य मूल्य को विधिवत रूप से समायोजित उत्पादत लागत के सर्वोत्तम अनुमनों के आधार पर निर्धारित किया गया हे। प्रमुख कच्ची सामग्री (बेन्जीन) की लागत प्लेट्स की रिपोर्ट के अनुसार माना गया है और अन्य कच्ची सामग्री की कीमत लागतें उत्पाद के उत्पादन में शामिल परिवर्तन लागतों के सर्वोत्तम अनुमानों के रूप में उन पर विचार करते हुए याचिकाकर्ता की लागत के रूप में ली गई हैं। खपत मानकों और सुविधाओं की लागत को याचिकाकर्ता के अनुसार माना गया है।

ii. निर्यात कीमत को सीआईएफ स्तर पर परिकलित विचाराधीन उत्पाद की भारित औसत आयात कीमत के रूप में निर्धारित किया गया है। निर्यात कीमत को (क) समुद्री भाड़ा (ख) समुद्री बीमा (ग) कमीशन (घ) पत्तन व्यय (ड) अंतर्देशीय भाड़ा और (च) बैंक कमीशन के लिए समायोजित किया गया है।

iii. इस तर्क के उत्तर में कोरिया के लिए पहुंच मूल्य को गलत ढंग से निर्धारित किया गया है, यह बताया गया है कि याचिकाकर्ता को गहरी आशंका है कि निर्यातक ने भारतीय सीमा शुल्क को बताई गई कीमतों से अधिक निर्यात कीमत का दावा किया है। निर्दिष्ट प्राधिकारी से आंकड़ो का भारतीय सीमा शुल्क के आंकड़ों से मिलाकर करने का अनुरोध किया गया है।

iv. हितबद्ध पक्षकारों ने प्रत्येक सहयेागी असंबद्ध उत्पादक/व्यापारी समूह के लिए अलग-अलग पाटन/क्षति मार्जिन की जरूरत की वकालत की है। तथापि, इस तर्क का कोई विधिक आधार नहीं है। एक उत्पादक के लिए, केवल वस्तु को विभिन्न व्यापारियों के जरिए बेचे जाने के कारण एक से अधिक पाटन मार्जिन नहीं होना चाहिए।

v. कोरिया गणराज्य से विचाराधीन उत्पादन का पाटन होना जारी है। पाटन मार्जिन न केवल निर्धारित न्यूनतम सीमा से अधिक बल्कि काफी अधिक है।

<u>उत्पादकों/आयातकों/निर्यातकों और अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोध</u>:

32. इस संबंध में उत्पादकों/आयातकों/निर्यातकों और अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. समीक्षा जांच अवधि और उसके बाद के दौरान कुम्हों ने भारत में पीयूसी का पाटन नहीं किया है। भारत को कोरिया की पीयूसी की निर्यात कीमत में 2009 को छोड़कर पिछले पांच वर्षों से लगातार वृद्धि हुई है।

ii. याचिका के अनुसार, कोरिया से पहुंच मूल्य अन्य देशों से अधिक है जिस पर न तो पाटन रोधी शुल्क है और न ही कोई जांच है। इसके अलावा, कुम्हो के पीयूसी का सत्यापन योग्य पहुंच मूल्य कोरिया से पीयूसी के धारित औसत पहुंच मूल्य और अन्य देशों जिन पर पाटन रोधी शुल्क लागू हैं से पीयूसी के भारित औसत पहूंच मूल्य से अधिक है।

iii. प्रत्येक सहयोग असंबद्ध उत्पादक/व्यापारी समूह के लिए अलग-अलग पाटन/क्षति मार्जिन निर्धारित किया जाना चाहिए।

iv. कच्ची सामग्री की कीमतों में भारी उतार चढ़ाव जिससे एसीटोन की लागत और कीमत प्रभावित होती है, के कारण डीजीएडी को पाटन और क्षति मार्जिन ज्ञात करने के लिए मासिक लागत और कीमत अपनानी चाहिए।

v. एसीटोन की कीमतें वैश्विक मांग और आपूर्ति आधार पर निर्धारित की जाती है।

vi. जांच अवधि के दौरान, कोरिया से संबद्ध वस्तु के आयात केवल 8500 एमटी के हैं, जो भारतीय मांग के 5% से कम है। आयातों की इतनी कम मात्रा से घरेलू उद्योग को क्षति नहीं हो सकती है।

vii. जांच अवधि के दौरान कोरिया पीयूसी की सीमित उत्पादन क्षमता है जिसमें से 90% की घरेलू खपत हो जाती है। जांच अवधि के बाद केपीबी द्वारा पीयूसी का कोई विस्तार या निर्धारित विस्तार नहीं हुआ है और केपीबी ने पहले ही अपने क्षमता उपयोग को अधिकतम कर लिया है।

viii. बीपीए संयंत्र स्थापित किए जाने के कारण हाल के वर्षों में केपीबी द्वारा पीयूसी की आबद्ध खपत में वृद्धि हुई है।

ix. केपीबी द्वारा पीयूसी के केवल कभी-कभी और छिटपुट निर्यात किए गए है और वह भी केवल असंबद्ध व्यापारियों के माध्यम से। इस प्रकार भारत केपीबी के लिए लक्षित बाजार नहीं है।

x. केपीबी की पीयूसी के भारत को निर्यात बिना पाटनरोधी शुल्क वाले देशों से कम कीमत पर आयातों की तुलना में काफी कम रहे थे।

xi. केपीबी के पास पीयूसी की दो उत्पादन लाइनें हैं जिसकी निर्दिष्ट प्राधिकारी ने 2 संयंत्रों के रूप में गलत व्याख्या की है। दोनों लाइनों का क्षमता उपयोग 100% है और डीआई द्वारा तथाकथित कोई अतिरिक्त क्षमता नहीं है।

<u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

33. धारा 9(1)(ग) के अधीन, किसी वस्तु के संबंध में सामान्य मूल्य का तात्पर्य है:

(i) *व्यापार की सामान्य प्रक्रिया के समान वस्तु की तुलनीय कीमत जब वह उप नियम* (6) *के तहत बनाए गए नियमों के अनुसार यथानिर्धारित निर्यातक देश या क्षेत्र में खपत के लिए नियत हो, अथवा*

(ii) *जब निर्यातक देश या क्षेत्र के घरेलू बाजार में व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में समान वस्तु की बिक्री न हुई हो अथवा जब निर्यातक देश या क्षेत्र की बाजार विशेष की स्थिति अथवा उसके घरेलू बाजार में कम बिक्री मात्रा के कारण ऐसी बिक्री की उचित तुलना न हो सकती हो तो सामान्य मूल्य निम्नलिखित में से कोई एक होगा:*

(क) *समान वस्तु की तुलनीय प्रतिनिधिक कीमत जब उसका निर्यात उप धारा* (6) *के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार निर्यातक देश या क्षेत्र से या किसी उचित तीसरे देश से किया गया हो; अथवा*

(ख) उपधारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार यथानिर्धारित प्रशासनिक, बिक्री और सामान्य लागत एवं लाभ हेतु उचित वृद्धि के साथ उदगम वाले देश में उक्त वस्तु की उत्पादन लागत.

परंतु यदि उक्त वस्तु का आयात उदगम वाले देश से भिन्न किसी देश से किया गया है और जहां उक्त वस्तु को निर्यात के देश से होकर केवल स्थानांतरण किया गया है अथवा ऐसी वस्तु का उत्पादन निर्यात के देश में नहीं होता है, अथवा निर्यात के देश में कोई तुलनीय कीमत नहीं है, वहां सामान्य मूल्य का निर्धारण उदगम वाले देश में उसकी कीमत के संदर्भ में किया जाएगा।

34. जहां तक इस अनुरोध का संबंध है कि प्रत्येक सहयोगी असंबद्ध उत्पादक/व्यापारी समूह के लिए अलग-अलग पाटन/क्षति मार्जिन निर्धारित किया जाना चाहिए। प्राधिकारी नोट करते हैं कि वर्तमान जांच में पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन निर्धारण इस संबंध में डीजीएडी और नियमावली की सुस्थापित प्रक्रिया के अनुरूप है।

35. इस तर्क के संबंध में कि कोरिया गणराज्य से आयातों की कम मात्रा घरेलू उद्योग को क्षति नहीं पहुंचा सकती है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि उन्होंने इस विवरण में कहीं और अलग से क्षति संबंधी विश्लेषण किया है।

36. पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन को मासिक आधार पर निर्धारित करने के अनुरोध के संबंध में प्राधिकारी नोट करते हैं कि वर्तमान जांच में संगत आंकड़ों का विश्लेषण मासिक आधार पर किया गया है।

<u>सामान्य मूल्य का निर्धारण</u>

37. कोरिया गणराज्य से निम्नलिखित उत्पादकों/निर्यातकों ने निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत किया है।:

i. मैसर्स एलजी कैम लि.

ii. कुम्हो पी एण्ड बी केमिकल्स इंक

<u>मैसर्स एलजी कैम लि., कोरिया गणराज्य</u>

38. एलजी कैम लि. के निर्यातक प्रश्नावली के उत्तर में, यह बताया गया है कि संबद्ध वस्तु का उत्पादन करने वाले कोरिया में उनके दो संयंत्र हैं। यह बताया गया है कि घरेलू बाजार में कंपनी ने जांच अवधि के दौरान अपनी स्वयं के घरेलू बिक्री और विपणन संगठन के जरिए अपने उपभोक्ताओं को सीधे बिक्री की है। परंतु इक्यू उत्तर के संलग्नक बी2 में यह बताया गया है कि घरेलू बाजार में उनके दो बिक्री चैनल अर्थात् असंबद्ध घरेलू उपभोक्ता (विवरक या अंतिम प्रयोक्ता) को बिक्री और संबद्ध घरेलू उपभोक्ता (अंतिम प्रयोक्ता) को बिक्री हैं।

39. जहां तक जांच अवधि के दौरान भारत को निर्यात बिक्रियों का संबंध है, एलजी कैम लि. द्वारा प्रस्तुत ईक्यू उत्तर में बताया गया है कि भारत को निर्यात का केवल एक चैनल है और कंपनी ने भारतीय ग्राहकों को सीधे बिक्री की है। परंतु ईक्यू उत्तर के संलग्नक बी3 में जांच अवधि के दौरान भारत को निर्यात बिक्री श्रृंखला इस प्रकार बताई गई है **(1)** भारत में सीधे व्यापारी या अंतिम प्रयोक्ता की ओर **(2)**भारत में व्यापारी या अंतिम प्रयोक्ता को असंबद्ध व्यापारी कंपनी के माध्यम से।

40. तत्पश्चात प्राधिकारी द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में कंपनी ने बताया कि उन्होंने जांच अवधि के दौरान भारत को तीन चैनलों अर्थात् **(1)** दुबई में असंबंधित व्यापारियों/मांग कर्त्ताओं को बिक्री जिन्होंने भारत को उच्च समुद्री बिक्रियां की हैं **(2)** अमरीका में एक मांगकर्त्ता के साथ बिक्री संविदा जिसमें मांगकर्त्ता ने वाणिज्यिक बीजक, पहुंच बिल, आदि भारतीय क्रेता के पक्ष में बनाने समेत सभी दस्तावेज देने के निर्देश दिए थे, और **(3)** भारतीय क्रेता को बिक्री जिसमें सभी दस्तावेज भारतीय आयातक के पक्ष में बनाए गए थे।

41. ईक्यू के उत्तर में प्रस्तुत ब्यौरों और एलजी कैम लिमिटेड द्वारा किए गए बाद के पत्राचार से प्राधिकारी नोट करते है कि जांच अवधि के दौरान कंपनी ने भारत को कुल *** एमटी संबद्ध वस्तु का निर्यात किया है जिसमें से *** एमटी को व्यापारिक कंपनियों अर्थात् ***, यूएई और *** , यूएसए के जरिए निर्यात किया गया था जो कुल निर्यातों का लगभग *** % हिस्सा बनते हैं तथा जिन्हांने वर्तमान जांच में ईक्यू उत्तर नहीं दिया है।

42. ऊपर उल्लिखित स्थिति के मद्देनज़र और निर्यातों की पूरी मूल्य श्रृंखला के अभाव के कारण प्राधिकारी एलजी कैम लिमिटेड, कोरिया गणराज्य के प्रतिनिधि के रूप में अलग मार्जिन निर्धारित करने की स्थिति में नहीं है और इसिलए उन्होंने कंपनी को अलग मार्जिन नहीं दिए हैं। चूंकि ऊपर उल्लिखित परिस्थितियों में एलजी कैम लिमिटेड, कोरिया गणराज्य से संबंधित सामान्य मूल्य संगत नहीं समझा गया है इसलिए प्राधिकारी ने एलजी कैम लिमिटेड, कोरिया गणराज्य के लिए अलग-अलग सामान्य मूल्य निर्धारित नहीं किया है।

कुम्हो पी एण्ड बी केमिकल इंक, कोरिया गणराज्य, जिसान केमिकल्स क. लि., कोरिया गणराज्य, ह्युमेड कार्पोरेशन, कोरिया गणराज्य, कोविन ग्लोबल क. लि. , कोरिया गणराज्य, एम कार्पोरेशन, कोरिया गणराज्य, और ओसीआई कार्पोरेशन लिमिटेड, कोरिया गणराज्य

43. निर्यातक प्रश्नावली के उत्तर में कुम्हो पी एण्ड बी केमिकल इंक (केपीबी) ने दावा किया है कि कंपनी का एक संयंत्र कोरिया गणराज्य के यूओसू में है जो फेनोल ऐसिटोन आदि का उत्पादन करता है। यह भी बताया गया है कि केपीबी ने समीक्षा अवधि के दौरान अपने संबद्ध लोगों *** (केपीबी का एक प्रमुख शेयरधारक) को संबंधित उत्पादन की छोटी मात्रा की बिक्री की है। *** तत्पश्चात इस संबंधित उत्पाद का प्रयोग एंटीऑक्सीडेंट्स के उत्पादन के लिए उक्त सामग्री के रूप में करता है। जहां तक कोरिया के घरेलू बाजार में बिक्री का संबंध है, यह बताया गया है कि समीक्षा अवधि के दौरान केपीबी के पास वितरण का केवल एक चैनल था। अर्थात् संबंधित और असंबंधित उपभोक्ताओं को सीधी बिक्री। केपीबी ने कोरिया के घरेलू बाजार में अंतिम प्रयोक्ताओं और विक्रेताओं दोनों को संबंधित उत्पाद बेचा है।

44. भारत को निर्यातों के संबंध में यह बताया गया है कि जांच अवधि के दौरान केपीबी ने एक बिक्री चैनल अर्थात् कोरिया स्थिति वितरकों जिनके नाम जिसान केमिकल्स क. लि., ह्युमेड कार्पोरेशन, कोविन ग्लोबल क. लि., एम कार्पोरेशन और ओसीआई कार्पोरेशन लिमिटेड के जरिए भारत को संबंधित उत्पाद बेचा है। कोरिया गणराज्य में स्थित इन सभी व्यापारिक कंपनियों ने निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर दिया है। तत्पश्चात् प्राधिकारी द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में कंपनी ने बताया कि केवल सीमित संख्या में सौदों में व्यापारी कोरिया गणराज्य से बाहर के असंबद्ध व्यापारियों के साथ शामिल हुए थे जिन्होंने वर्तमान जांच में निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर नहीं दिया है। कंपनी द्वारा प्रस्तुत ब्यौरों के अनुसार जांच अवधि के दौरान केपीबी ने एम कार्पोरेशन, कोरिया गणराज्य के जरिए *** एमटी संबद्ध वस्तु का भारत को निर्यात किया है। जिसके बाद उसने *** , सिंगापुर के जरिए भारत को उक्त वस्तु का निर्यात किया है। इसी प्रकार जांच अवधि के पश्चात केपीबी ने ओसीआई कार्पोरेशन लिमिटेड, कोरिया गणराज्य के जरिए *** एमटी संबद्ध वस्तु का भारत को निर्यात किया है। जिसके बाद उसने *** , सिंगापुर के जरिए भारत को उक्त वस्तु का निर्यात किया है। इसके अलावा केपीबी द्वारा ह्युमेड को. लिमिटेड, कोरिया गणराज्य के जरिए *** एमटी संबद्ध वस्तु का भारत को निर्यात किया है। जिसके बाद उसने *** , यूएई के जरिए भारत को उक्त वस्तु का निर्यात किया है।

45. इस प्रकार कुम्हो पी एण्ड बी केमिकल इंक द्वारा प्रस्तुत बाद की सूचना से प्राधिकारी नोट करते हैं कि जांच अवधि के दौरान *** एमटी संबद्ध वस्तु के कुल निर्यातों में से *** एमटी अर्थात जांच अवधि के दौरान भारत को केपीबी द्वारा संबद्ध वस्तु के कुल निर्यातों के लगभग *** **%** हिस्से का निर्यात किया गया। यह निर्यात एम कार्पोरेशन**,** कोरिया गणराज्य**,** ओसीआई कार्पोरेशन**,** कोरिया गणराज्य, और ह्युमेड कार्पोरेशन**,** कोरिया गणराज्य के जरिए किया गया जिन्होंने बाद में उक्त वस्तु का क्रमश: *** , सिंगापुर, *** , सिंगापुर और *** , यूएई के जरिए निर्यात किया। परंतु *** , सिंगापुर, *** , सिंगापुर और *** , यूएई ने वर्तमान जांच में निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर नहीं दिया है।

46. ऊपर उल्लिखित स्थिति के मद्देनज़र और निर्यातों की पूरी मूल्य श्रृंखला के अभाव के कारण प्राधिकारी कुम्हो पी एण्ड बी केमिकल इंक, कोरिया गणराज्य के प्रतिनिधि और संबंधित व्यापारिक कंपनियों के रूप में अलग मार्जिन निर्धारित करने की स्थिति में नहीं है और इसिलए उन्होंने कंपनी को अलग मार्जिन नहीं दिए हैं। चूंकि ऊपर उल्लिखित परिस्थितियों में कुम्हो पी एण्ड बी केमिकल इंक, कोरिया गणराज्य से संबंधित सामान्य मूल्य संगत नहीं समझा गया है इसलिए प्राधिकारी ने कुम्हो पी एण्ड बी केमिकल इंक, कोरिया गणराज्य के लिए अलग-अलग सामान्य मूल्य निर्धारित नहीं किया है।

कोरिया के अन्य उत्पादक/निर्यातक

47. प्राधिकारी नोट करते है कि कोरिया गणराज्य के किसी अन्य निर्यातक/उत्पादक ने वर्तमान जांच में प्राधिकारी को उत्तर नहीं दिया है। ऊपर उल्लिखित कंपनियों सहित कोरिया गणराज्य में सभी असहयोगी निर्यातकों/उत्पादकों के लिए प्राधिकारी ने सर्वोत्तक उपलब्ध सूचना के आधार पर सामान्य मूल्य निर्धारित किया है। प्राधिकारी ने नियमावली के नियम 6(8) के अनुसार सर्वाधिक कुशल घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत को बिक्री सामान्य और प्रशासनिक लागतों/खर्चों और तर्कसंगत लाभों अर्थात् 5% के लिए विधिवत रूप से समायोजित करते हुए उपलब्ध तथ्यों के अनुसार सामान्य मूल्य निर्धारित किया है जो *** अमरीकी डॉलर प्रति एमटी बनता है।

निर्यात कीमत

48. प्राधिकारी नोट करते है कि वर्तमान जांच में कोरिया गणराज्य से निम्नलिखित उत्पादकों/निर्यातकों ने निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत किया था:

i. मैसर्स एलजी कैम लिमिटेड

ii. कुम्हो पी एण्ड बी केमिकल इंक

मैसर्स एलजी कैम लिमिटेड

49. जहां तक जांच अवधि के दौरान भारत को निर्यात बिक्रियों का संबंध है, एलजी कैम लि. द्वारा प्रस्तुत ईक्यू उत्तर में बताया गया है कि भारत को निर्यात का केवल एक चैनल है और कंपनी ने भारतीय ग्राहकों को सीधे बिक्री की है। परंतु ईक्यू उत्तर के संलग्नक बी3 में जांच अवधि के दौरान भारत को निर्यात बिक्री श्रृंखला इस प्रकार बताई गई है **(1)** भारत में सीधे व्यापारी या अंतिम प्रयोक्ता की ओर **(2)** भारत में व्यापारी या अंतिम प्रयोक्ता को भारत के अंतिम गंतव्य के साथ असंबद्ध व्यापारी कंपनी के माध्यम से।

50. तत्पश्चात प्राधिकारी द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में कंपनी ने बताया कि उन्होंने जांच अवधि के दौरान भारत को तीन चैनलों अर्थात् **(1)** दुबई में असंबंधित व्यापारियों/मांग कर्त्ताओं को बिक्री जिन्होंने भारत को उच्च समुद्री बिक्रीयां की हैं **(2)** अमरीका में एक मांगकर्त्ता के साथ बिक्री संविदा जिसमें मांगकर्त्ता ने वाणिज्यिक बीजक, पहुंच बिल, आदि भारतीय क्रेता के पक्ष में बनाने समेत सभी दस्तावेज देने के निर्देश दिए थे, और **(3)** भारतीय क्रेता को बिक्री जिसमें सभी दस्तावेज भारतीय आयातक के पक्ष में बनाए गए थे।

51. ईक्यू के उत्तर में प्रस्तुत ब्यौरों और एलजी कैम लिमिटेड द्वारा किए गए बाद के पत्राचार से प्राधिकारी नोट करते है कि जांच अवधि के दौरान कंपनी ने भारत को कुल *** एमटी संबद्ध वस्तु का निर्यात किया है जिसमें से *** एमटी को व्यापारिक कंपनियों अर्थात् ***, यूएई और *** , यूएसए के जरिए निर्यात किया गया था जो कुल निर्यातों का लगभग *** % हिस्सा बनते हैं तथा जिन्हांने वर्तमान जांच में ईक्यू उत्तर नहीं दिया है।

52. ऊपर उल्लिखित स्थिति के मद्देनज़र और यूएई और यूएसए में व्यापारिक कंपनियों द्वारा निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर नहीं दिए जाने के कारण निर्यातों की पूरी मूल्य श्रृंखला के अभाव की वजह से जांच अवधि के दौरान भारत को दावा किए गए निर्यातों के संबंध में पूरी मूल्य श्रृंखला स्थापित नहीं की जा सकती है। उक्त स्थिति को देखते हुए प्राधिकारी वर्तमान जांच में एलजी कैम लिमिटेड, कोरिया गणराज्य के संबंध में अलग निर्यात कीमत और अलग मार्जिन मार्जिन निर्धारित नहीं करते हैं।

कुम्हो पी एण्ड बी केमिकल इंक, कोरिया गणराज्य, जिसान केमिकल्स क. लि., कोरिया गणराज्य, ह्युमेड कार्पोरेशन, कोरिया गणराज्य, कोविन ग्लोबल क. लि. , कोरिया गणराज्य, एम कार्पोरेशन, कोरिया गणराज्य, और ओसीआई कार्पोरेशन लिमिटेड, कोरिया गणराज्य

53. कुम्हो पी एण्ड बी केमिकल इंक, कोरिया गणराज्य द्वारा प्रस्तुत निर्यातक प्रश्नावली के उत्तर में यह बताया गया है कि जांच

अवधि के दौरान कंपनी ने केवल एक बिक्री चैनल अर्थात् वितरकों के माध्यम से भारत को संबंधित उत्पाद की बिक्री की थी। वे कंपनियां जिनके के जरिए कुम्हों ने जांच अवधि के दौरान भारत को संबद्ध वस्तु का निर्यात किया हैं, जिसान केमिकल्स क. लि., कोरिया गणराज्य, ह्युमेड कार्पोरेशन, कोरिया गणराज्य, कोविन ग्लोबल क. लि., कोरिया गणराज्य, एम कार्पोरेशन, कोरिया गणराज्य और ओसीआई कार्पोरेशन लिमिटेड, कोरिया गणराज्य जिन्होंने वर्तमान जांच में निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर दिया है।

54. तत्पश्चात् प्राधिकारी द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में कुम्हो ने बताया कि केवल सीमित संख्या में सौदों में व्यापारी कोरिया गणराज्य से बाहर के असंबद्ध व्यापारियों के साथ शामिल हुए थे जिन्होंने वर्तमान जांच में निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर नहीं दिया है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि कंपनी द्वारा प्रस्तुत ब्यौरों के अनुसार जांच अवधि के दौरान केपीबी ने एम कार्पोरेशन, कोरिया गणराज्य के जरिए *** एमटी संबद्ध वस्तु का भारत को निर्यात किया है। जिसके बाद उसने *** , सिंगापुर के जरिए भारत को उक्त वस्तु का निर्यात किया है। इसी प्रकार जांच अवधि के पश्चात केपीबी ने ओसीआई कार्पोरेशन लिमिटेड, कोरिया गणराज्य के जरिए *** एमटी संबद्ध वस्तु का भारत को निर्यात किया है। जिसके बाद उसने *** , सिंगापुर के जरिए भारत को उक्त वस्तु का निर्यात किया है। इसके अलावा केपीबी द्वारा ह्युमेड को. लिमिटेड, कोरिया गणराज्य के जरिए *** एमटी संबद्ध वस्तु का भारत को निर्यात किया है। जिसके बाद उसने *** , यूएई के जरिए भारत को उक्त वस्तु का निर्यात किया है।

55. इस प्रकार कुम्हो पी एण्ड बी केमिकल इंक द्वारा प्रस्तुत बाद की सूचना से प्राधिकारी नोट करते हैं कि जांच अवधि के दौरान भारत को कुम्हो द्वारा किए गए *** एमटी संबद्ध वस्तु के कुल निर्यातों में से *** एमटी अर्थात जांच अवधि के दौरान भारत को केपीबी द्वारा संबद्ध वस्तु के कुल निर्यातों के लगभग *** % हिस्से का निर्यात किया गया यह निर्यात कतिपय व्यापारिक कंपनियों के जरिए भारत को किया गया है जिन्होंने वर्तमान जांच में निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर नहीं दिया है। ऊपर उल्लिखित स्थिति के मद्देनज़र और यूएई तथा सिंगापुर में व्यापारिक कंपनियों द्वारा निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर नहीं देने की वजह से निर्यात की पूरी मूल्य श्रृंखला के अभाव के कारण प्राधिकारी कुम्हो पी एण्ड बी केमिकल इंक, कोरिया गणराज्य और संबंधित व्यापारिक कंपनियों अर्थात जिसान केमिकल्स क. लि., कोरिया गणराज्य, ह्युमेड कार्पोरेशन, कोरिया गणराज्य, कोविन ग्लोबल क. लि., कोरिया गणराज्य, एम कार्पोरेशन, कोरिया गणराज्य और ओसीआई कार्पोरेशन लिमिटेड, कोरिया गणराज्य के संबंध में वर्तमान जांच में अलग निर्यात कीमत और अलग मार्जिन निर्धारित नहीं करते हैं।

कोरिया के अन्य निर्यातक

56. प्राधिकारी नोट करते है कि कोरिया गणराज्य के किसी अन्य निर्यातक/उत्पादक ने वर्तमान जांच में प्राधिकारी को उत्तर नहीं दिया है। ऊपर उल्लिखित कंपनियों सहित कोरिया गणराज्य में सभी असहयोगी निर्यातकों/उत्पादकों के लिए प्राधिकारी ने नियमावली के नियम 6(8) के अनुसार उपलब्ध तथ्यों के अनुसार सामान्य मूल्य निर्धारित किया है जो *** अमरीकी डॉलर प्रति एमटी बनता है।

पाटन मार्जिन

57. परिकलित सामान्य मूल्य और कारखाना द्वार स्थल पर ऊपर यथानिर्धारित निर्यात कीमत की तुलना करने पर संबद्ध देश में उत्पादकों/निर्यातकों के लिए पाटन मार्जिन निम्नानुसार निर्धारित किया गया है:

क्र.सं.	उत्पादक	निर्यातक	सामान्य मूल्य अमरीकी डॉलर/एमटी	निवल निर्यात कीमत डॉलर/एमटी	पाटन मार्जिन डॉलर/एमटी	पाटन मार्जिन %	पाटन मार्जिन % रेंज
1	सभी उत्पादक	सभी निर्यातक	***	***	***	***	15-25

च. क्षति निर्धारण की पद्धति और क्षति और कारणात्मक संबंध की जांच

<u>घरेलू उद्योग के अनुरोध</u>

58. क्षति और कारणात्मक संबंध के बारे में घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध:

i. कीमत कटौती काफी अधिक है और यदि पाटन रोधी शुल्क की अवधि समाप्त होती है तो इससे बाजार में विचाराधीन उत्पाद की मांग बढ़ने की संभावना है।

ii. निर्दिष्ट प्राधिकारी को केवल जांच अवधि के दौरान की स्थिति पर विचार करना अपेक्षित है। एचओसीएल ने उत्पाद के जबरदस्त पाटन जिसकी वजह से वर्तमान प्रचालन पूर्णत अव्यवहार्य हो गए के कारण प्रचालन रोक दिया हैं। एचओसीएल पूरी तरह से व्यापार से बाहर नहीं हुआ है उसने केवल उत्पादन को बंद किया है।

iii. वर्तमान जांच अवधि में उत्पादन, क्षमता उपयोग, घरेलू बिक्रियों, बाजार हिस्सा, लाभ, निवेश पर आय, नकद प्रवाह की दृष्टि से घरेलू के कार्य निष्पादन में विकृति आई है। एसआई ग्रुप द्वारा प्रस्तुत सूचना स्पष्ट रूप से उसके लाभों, नकद प्रवाह और निवेश पर आय में भारी विकृति दर्शाती है। यद्यपि एसआई ग्रुप निजी उपक्रम है परंतु एचओसीएल एक सरकारी क्षेत्र का संगठन है। कंपनी द्वारा उठाए गए वित्तीय घाटों ने कंपनी को अपना उत्पादन घटाने के लिए बाध्य कर दिया।

iv. हितबद्ध पक्षकारों ने दोनों भारतीय उत्पादकों के क्षमता उपयोग, माल सूची की स्थिति और कीमत प्राप्ति के बारे में गलत विवरण दिए है। याचिकाकर्त्ता की क्षमता उपयोग में गिरावट आई है। जांच अवधि में बिक्री प्राप्ति उत्पादन लागत से कम रही है। बिक्री प्राप्ति लागत में वृद्धि से कम रही है। बिक्री प्राप्ति में वृद्धि को अलग से बताना गुमराह करना है जब तक कि लागत बिक्रियों की प्रवृत्ति पर विचार नहीं किया जाए।

v. निर्दिष्ट प्राधिकारी विचाराधीन उत्पाद की स्थिति में एचओसीएल के कार्य निष्पादन से चिंतित है। एचओसीएल के कार्य निष्पादन में 2010-11 में काफी सुधार हुआ और वस्तुत: एचओसीएल के निष्पादन में सुधार को देखते हुए प्राधिकारी ने पहले संबद्ध वस्तु पर से शुल्क हटा दिए थे। तथापि भारतीय बाजार में उत्पाद के वैश्विक अधिक्य के पाटन के कारण एचओसीएल अपने निष्पादन में ओर सुधार नहीं कर सका और पुन: घाटा उठाने लगा।

vi. यह तर्क दिया गया था कि जांच अवधि के दौरान कोरिया से आयात कुल मांग के 5% से कम है और इसलिए इनसे क्षति नहीं हो सकती है। यह तर्क निराधार है। पाटन-रोधी नियमावली में कुल आयातों में 3% और उससे अधिक के हिस्से वाले देशों को घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचाने वाले की संभावना वाला माना गया है। इस मामले में आयात काफी अधिक है और वे घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौतों और उसे कम कर रहे हैं जिससे घरेलू उद्योग को नुकसान हो रहा है। इसके अलावा पाटन-रोधी शुल्क हटाया जाता है तो यह संभावना है कि संबद्ध वस्तुओं के आयात बढ़ जाएंगे और घरेलू उद्योग को और अधिक क्षति हेागी।

vii. घरेलू उद्योग अब भी पाटित संबद्ध वस्तु के आयातों से निरंतर क्षति उठा रहा है।

viii. आयात कीमतों में बदलाव को निविष्टी लागत में परिवर्तन के साथ देखा जाना अपेक्षित है, केवल आयात कीमतों पर विचार करना बिल्कुल त्रुटिपूर्ण होगा। उत्पादन लागत में भी भारी वृद्धि हो गई है। वस्तुत कोरिया के उत्पादकों ने लागत में वृद्धि के अनुपात में अपनी कीमतों में वृद्धि नहीं की है।

ix. प्राधिकारी को लागत ढांचे पर विचार करना चाहिए जिससे यह प्रदर्शित होगा कि सर्वोत्तम क्षमता उपयोग करने पर भी एचओसीएल को जांच अवधि में भारी प्रतिकूल कीमत प्रभाव का सामना करना पड़ा।

x. विनिमय उतार-चढ़ाव, मुद्रास्फीति, उच्च ब्याज दर और अस्थिर शेयर बाजार जैसा कोई कारक घरेलू उद्योग को दावा की गई क्षति के लिए उत्तरदायी नहीं है। इनमें से किसी कारक का जहां तक घरेलू उद्योग और वर्तमान उत्पाद से संबंध है, कोई खास बदलाव नहीं हुआ है। तथापि घरेलू उद्योग के निष्पादन में भारी विकृति आई है जो स्पष्टत सिद्ध करती है कि यह विकृति केपीबी द्वारा बताए गए कारणों की वजह से नहीं हुई है।

xi. क्षति अवधि के दौरान एचओसीएल की लाभप्रदता और कंपनी का उत्पादन और बिक्री स्पष्टता सिद्ध करता है कि कंपनी ने पहले भारी लाभ कमाए थे जो अब ऐसी स्थिति तक घट गए हैं जहां घरेलू उद्योग को घाटा उठाना पड़ रहा है। निर्दिष्ट प्राधिकारी ने माना कि घरेलू उद्योग के कार्य निष्पादन में इतना सुधार हुआ था कि पहले ताइवान पर लागू पाटन रोधी शुल्क को यह मानते हुए हटा दिया था कि घरेलू उद्योग को क्षति की कोई संभावना नहीं है। ऐसी स्थिति में प्रौद्योगिकी उन्नयन या अद्यतन बनाने संबंधी तर्क निराधार है। वर्तमान प्रौद्योगिकी के साथ कंपनी को हाल

में कोई क्षति नहीं हुई थी और अब उसे क्षति हो रही है। रोजगार के संबंध में याचिकाकर्त्ता ने बताया कि इसी रोजगार में निर्दिष्ट प्राधिकारी ने पाया था कि घरेलू उद्योग लाभप्रद रहा है और वह इस हद तक उत्पाद का उत्पादन और बिक्री करने में सक्षम रहा है कि वह क्षति नहीं उठा रहा है। ऐसे मामले में और यह देखते हुए कि रोजगार में कोई खास वृद्धि नहीं हुई है। इस तथ्य का कोई आधार नहीं है कि कंपनी में कर्मचारी अधिक है और उनके कारण क्षति हो रही है।

xii. जांच अवधि के दौरान कोरिया और अन्य देशों से आयात स्पष्ट रूप से दर्शाते है कि तीसरे देशों से आयात न्यूनतम हैं चूंकि मात्रा स्वयं ही न्यूनतम सीमा से अधिक है इसलिए कीमत का कोई मायने नहीं है।

xiii. कोरिया से आयात छुटपुट या कभी-कभी नहीं बल्कि भारी मात्रा में है। वास्तव में, वर्तमान वर्ष (2014-15) में आयातों में काफी अधिक वृद्धि हुई जिससे स्पष्ट रूप प्रदर्शित होता है कि पाटन रोधी शुल्क हटाए जाने की स्थिति में कोरिया के उत्पादकों से घरेलू उद्योग को भारी क्षति होने की आशंका है।

xiv. एचओसीएल ने फेनोल और ऐसीटोन की लागत आबंटन के लिए कोई अलग पद्धति नहीं अपनाई है। एचओसीएल ने संगत ढंग से सूचना प्रस्तुत की है।

xv. संगत मापदंड दर्शाते हैं कि घरेलू उद्योग को क्षति पाटित आयातों के कारण हुई है और इस प्रकार कारणात्मक संबंध स्थापित होता है।

xvi. विचाराधीन उत्पादन की मांग में पूरी क्षति अवधि में सकारात्मक वृद्धि हुई है इसलिए मांग में कमी ऐसा संभव कारण नहीं है जिससे घरेलू उद्योग को क्षति हो सकती हो।

xvii. चूंकि विचाराधीन उत्पाद के संबंध में खपत की प्रवृत्ति में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है इसलिए खपत की प्रवृत्ति में परिवर्तन से घरेलू उद्योग को क्षति होने की संभावना नहीं है।

xviii. कोई ऐसी व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रथायें नहीं हैं जिसकी वजह से घरेलू उद्योग को क्षति हो सकती हो।

xix. उत्पाद के उत्पादन की प्रौद्योगिकी में कोई परिवर्तन न तो हुआ है न ही आगामी भविष्य में परिवर्तन होने की कोई संभावना है। अत: प्रौद्योगिकी में विकास क्षति का कारक नहीं है।

xx. घरेलू उद्योग की उत्पादकता में कमी आई है जो उत्पादन में कमी के परिणामस्वरूप हुआ है।

xxi. प्राधिकारी द्वारा पाटन की सत्यता को पिछले सभी मामलों में स्वीकार किया गया है। फेनोल और ऐसीटोन में भारी वैश्विक अधिशेष क्षमता भारत में उत्पाद के पाटन का स्पष्ट कारण है। ऐसे भारी अधिशेष के आगे जारी रहने की संभावना है। वास्तव में फेनोल की मांग में ऐसीटोन में अनुपातिक वृद्धि हुए बिना वृद्धि होने की आशंका है जिससे वैश्विक बाजार में ऐसीटोन की कीमतों पर और अधिक दबाव पड़ेगा।

<u>उत्पादकों/निर्यातकों/आयतकों और अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोध</u>

59. उत्पादकों/निर्यातकों/आयतकों और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा क्षति और कारणात्मक संबंध के बारे में निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. एसआई ग्रुप की माल सूची की स्थिति संपूर्ण क्षति अवधि मे एचओसीएल से बेहतर थी और समीक्षावधि में एचओसीएल की माल सूची में सुधार हुआ।

ii. एचओसीएल ने उत्पादन के कमतर स्तर पर प्रचालन किया, उसकी प्रति इकाई स्थिर लागत अधिक थी। परिणामस्वरूप एसआई ग्रुप, जिसकी क्षमता उपयोग अधिक थी, की तुलना में उसकी बिक्री लागत अधिक थी।

iii. एचओसीएल और एसआई ग्रुप दोनों के एनएसआर में क्षति अवधि और विशेष रूप से समीक्षा जांच अवधि में काफी सुधार हुआ है। यह इस तथ्य के बावजूद है कि घरेलू उत्पादक की आबद्ध खपत अंतरण कीमत स्वयं ही बाजार बिक्री प्राप्ति से निरंतर कम रही है जो यदि घरेलू उत्पादक बाजार कीमत पर आबद्ध खपत पर अंतरित की होती तो, अधिक होती।

iv. एचओसीएल और एसआई ग्रुप दोनों द्वारा बिक्री कीमत प्राप्ति में क्षति अवधि और विशेष रूप से समीक्षा जांच अवधि में काफी सुधार हुआ है। यह इस तथ्य के बावजूद है कि घरेलू उत्पादक की आबद्ध खपत अंतरण कीमत स्वयं ही बाजार बिक्री प्राप्ति से निरंतर कम रही है जो यदि घरेलू उत्पादक बाजार कीमत पर आबद्ध खपत पर अंतरित की होती तो, अधिक होती।

v. कोरिया से विचाराधीन उत्पाद का कोई मात्रात्मक प्रभाव नहीं पड़ा है क्योंकि भारत द्वारा विचाराधीन उत्पाद के कुल आयातों में कोरिया का हिस्सा 2011 से से चीनी ताईपेई से विचाराधीन उत्पाद के आयातों पर वर्ष 2012 में पाटनरोधी शुल्क हटाए जाने तक तेजी से कम हुआ था।

vi. ऐसीटोन और फेनोल उत्पादन करने वाले कोच्चि संयंत्र ने कोरिया आदि से विचाराधीन उत्पाद की कम कीमतों जो समीक्षा जांच अवधि की तुलना में कम थी, के बावजूद भारतीय वित्तीय वर्ष 2011-12 में और 10 वर्षों तक लगातार लाभ कमाया था।

vii. निदेशक के रिपोर्ट 2012-13, जिसमें एलएसएफओ के बजाय बायलरों में एलएनजी का प्रयोग करने और कोच्चि में एचओसीएल द्वारा हाइड्रोजन पेरासाईड की बाधा समाप्त करने और क्षमता उपयोग में कुछ समायोजन करने संबधी सुधारों की ओर संकेत किया था। एलएनजी द्वारा एलएसएफओ को प्रतिस्थापित किए जाने से एचओसीएल की लागत में काफी कमी होने की भी आशा थी और प्राधिकारी द्वारा क्षति निर्धारित करने और एनआईपी परिकलित करने, दोनों में इसे समायोजित किया जाए।

viii. एचओसीएल का कोच्चि संयंत्र फेनोल और ऐसीटोन दोनों का उत्पादन करता है। क्षति मार्जिन निर्धारित करते समय दोनों के आंकड़ों को अलग किया जाए।

ix. कम क्षमता उपयोग के परिणामस्वरूप, उच्च लागत हुई है इसलिए एचओसीएल के मामले में 100% क्षमता उपयोग के आधार पर एनआईपी प्रयोजन हेतु लागत का परिकलन किया जाए।

x. विनिमय दर, अस्थिरता, मुद्रास्फीति, उच्च ब्याज दर, अस्थिर शेयर बाजार भी ऐसे कारक हैं जिन पर क्षति विश्लेषण में विचार किया जाए।

xi. घरेलू उत्पादकों की बिक्री कीमत प्राप्ति जांच अवधि समाप्त क्षति अवधि के दौरान काफी अधिक बढ़ी है। तथापि, घरेलू उत्पादक बाजार बिक्री प्राप्ति से कम पर आबद्ध खपत के लिए पीयूसी को अंतरित कर रहे हैं।

xii. दोनों घरेलू उत्पादकों के क्षमता उपयोग, माल सूची और कीमत प्राप्ति में आयातों में वृद्धि और विशेष रूप से ताइवान से कथित पाटित आयातों के मुकाबले में भी जांच अवधि तथा क्षति अवधि में सुधार हुआ है।

xiii. सीआईएफ में वृद्धि और परिणामस्वरूप उच्चतर पहुंच मूल्य के कारण कोरिया से आयातों में लगातर गिरावट आई है। कोरिया से पहुंच मूल्य जांच अवधि तथा जांच अवधि के बाद के दौरान सर्वाधिक रहा है इसलिए कोरिया से आयातों का घरेलू उत्पादकों पर कोई क्षतिकारी प्रभाव नहीं पड़ा है।

xiv. कोरिया से आयातों के कारण घरेलू उद्योग की कीमतों में कोई कमी नहीं हुई है। जांच अवधि के दौरान 58870 रुपये/एमटी के औसत पहुंच मूल्य पर आयातों की मौजूदगी के बावजूद जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग 69432 रुपये/एमटी की कीमत पर उत्पाद बेच सका था और जांच अवधि के बाद कीमतें और अधिक रही थीं।

xv. उच्च लागत एलएसएफओ को बॉयलरों, गर्म तेल भट्टी और सीपीपी के लिए ईंधन के रूप में एचओसीएल के कोच्चि संयंत्र द्वारा प्रयोग किया जाना एचओसीएल की लागत अकुशलता का प्रमुख कारण है।

xvi. कोरिया से पहुंच मूल्य की गलत गणना की वजह से अधिक कीमत कटौती हुई है।

xvii. घरेलू उद्योग द्वारा दावा की गई 22% आरओसीई अतर्कसंगत है।

xviii. एचओसीएल द्वारा ऐसीटोन की आबद्ध खपत को प्राधिकारी द्वारा एनआईपी निर्धारित करते समय समायोजित किया जाना चाहिए।

xix. जब एचओसीएल और एसआई दोनों के पास समान क्षमताएं और उत्पादन है तो एसआई का भागीदारी न करना सिद्ध करता है कि उस पर आयातों का बुरा प्रभाव नहीं पड़ा है इसलिए एचओसीएल का क्षति संबंधी दावा निराधार है।

xx. प्रत्येक जांच में एचओसीएल ने फेनोल और ऐसीटोन जो संयुक्त उत्पाद है, कि लागत आबंटन के लिए अलग-अलग पद्धति अपनाई है, इसका समाधान किया जाना चाहिए।

xxi. कोरिया से आयातों का कोई मात्रात्मक प्रभाव नहीं पड़ सकता है क्योंकि चीनी ताईपेई से एडीडी हटाए जाने से पहले कोरियाई आयातों में तेजी से गिरावट आई है।

xxii. कोरिया से आयातों का कोई मात्रात्मक प्रभाव नहीं है क्योंकि मांग और आपूर्ति में भारी अंतर है और आयात अपरिहार्य है।

xxiii. एचओसीएल द्वारा अपनाई गई पुरानी प्रौद्योगिकी, उनकी क्षति का मुख्य कारण है। इसके अलावा, अधिक कर्मचारी होना भी उच्चतर उत्पादक लागत और अकुशलता का कारण है।

xxiv. जैसाकि एचओसीएल की निदेशक रिपोर्ट 2012-13 में स्वीकार किया गया है उच्च श्रमिक लागत और रसायनी इकाई में बंद पड़े संयंत्रों पर लागत का अधिक भार चिंता के प्रमुख विषय हैं।

xxv. घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि 60% ऐसीटोन के आयात ताइवान और साऊदी अरब से कम पाटित कीमतों पर एडीडी के बिना किए जा रहे थे और उनके लिए कथित रूप से साऊदी अरब से भारी पाटित आयातों के संबंध में पाटन रोधी जांच चल रही है इसलिए घरेलू उद्योग को किसी क्षति का कारण कुछ और ही है।

xxvi. एचओसीएल के खराब निष्पादन का एक प्रमुख कारण कंपनी द्वारा उठाए जा रहा वित्तीय संकट है इसलिए कोरिया से आयातों का एचओसीएल की स्व्आरोपित क्षति से कोई वास्ता नहीं है।

xxvii. एचओसीएल द्वारा कम उत्पादन करना कंपनी को हुई क्षति का मुख्य कारण है। कम उत्पादन के कारण प्रति इकाई लागत अधिक है, परिणामस्वरूप बिक्री की उच्च लागत होती है। एसआई ग्रुप की तुलना में क्षमता उपयोग में अकुशलता के कारण एचओसीएल में उच्चतर बिक्री लागत है।

xxviii. एचओसीएल के कार्य निष्पादन की तब से विस्तृत की जानी चाहिए जब मात्रात्मक प्रतिबंध लागू थे और ऐसीटोन के आयात प्रतिबंधित थे। एचओसीएल पाटन रोधी शुल्क और उसे निरंतर प्रदत्त अन्य संरक्षणों के बावजूद एक रूग्ण इकाई रहा है। एचओसीएल ने अपनी प्रौद्योगिकी को कभी अद्यतन और उसका उन्नयन नहीं किया है। यही बात उसके घाटों का प्रमुख कारण है।

xxix. जांच अवधि के दौरान एक कंपनी 105% पर प्रचालन कर रही है और दूसरी 67% पर प्रचालन कर रही है जो दर्शाता है कि एचओसीएल को घाटों का कारण आयातों के बजाय अन्य कारक हो सकते हैं।

xxx. कोरिया से भारत को एसीटोन के निर्यातों की मात्रा में एचओसीएल संयंत्र के कई महीनों तक बंद रहने के बावजूद गिरावट आई है।

xxxi. कोरिया द्वारा निर्यातित पीयूसी के आयातों की वजह से कोई कीमत प्रभाव नहीं पड़ा है। एचओसीएल ने पिछले दस वर्षों में लगातार लाभ कमाया है। कोरिया से पीयूसी के आयातों के कारण कोई कीमत प्रभाव नहीं है।

xxxii. एचओसीएल के लाभों में 2012-13 में गिरावट आई थी जब चीनी ताइपेई से पीयूसी के आयातों पर से पाटनरोधी शुल्क हटाया गया था और चीनी ताइपेई से आयात काफी बढ़ गए थे जबकि कोरिया से निर्यातित पीयूसी की कीमतों में तेजी से वृद्धि हुई थी। इस प्रकार कोरिया से आयातों के कारण कोई कीमत प्रभाव नहीं पड़ा है।

xxxiii. एचओसीएल की 2012-13 की वार्षिक रिपोर्ट में 2012-13 में उसे दावा किए गए घाटे के लिए आंशिक रूप से फेनोल के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क को समाप्त होना दर्शाया गया है। इस प्रकार, दावित घाटा एसीटोन के अलावा स्पष्टत फेनोल के लिए है।

xxxiv. एडी शुल्क अनेक वर्षों से विभिन्न देशों से पीयूसी के आयातों पर लागू है। अत: यदि घरेलू उद्योग को क्षति होना जारी है तो यह स्पष्ट है कि उसके लिए आयातों के बजाय अन्य कारक जिम्मेदार है।

xxxv. एचओसीएल की 2012-13 की वार्षिक रिपोर्ट में दावा किए गए घाटों के लिए फेनोल पर एडीडी की समाप्ति को जिम्मेदार ठहराया गया है।

xxxvi. जांच अवधि के दौरान एचओसीएल की क्षमता उपयोग और माल सूची की स्थिति में सुधार की प्रवृत्ति दिखी है। एसआई ग्रुप की क्षमता उपयोग 100% से अधिक रहा है और माल सूची स्थिर रही है। ये दर्शाते है कि घरेलू उद्योग को संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु के आयातों से मात्रात्मक क्षति नहीं हुई है। इसलिए, दावा की गई मात्रात्मक यदि कोई हो, संभवत: अन्य कारकों की वजह से और न कि कोरिया से संबद्ध वस्तु के आयातों के कारण हो सकती है।

xxxvii. यदि संबद्ध वस्तु के आयातों पर अनेक देशों पर एडीडी लगाया जाता है तो घरेलू उद्योग को आयातों के बजाय अन्य कारकों के कारक क्षति हुई है।

xxxviii. कोरिया गणराज्य से आयातों का पहुंच मूल्य विभिन्न स्रोतों की तुलना में सर्वाधिक था जबकि आयातों की तुलना में कोरिया से आयातों का हिस्सा न्यूनतम था। यदि घरेलू उद्योग पर आयातों से कोई क्षतिकारी कीमत प्रभाव पड़ा है तो वह कोरिया गणराज्य से आायातों के कारण नहीं हुआ है।

प्राधिकारी द्वारा जांच

60. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग को परिणामी क्षति के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों के विभिन्न अनुरोधों को नोट किया है और रिकार्ड में उपलब्ध तथ्यों और लागू कानून पर विचार करते हुए उनका विश्लेषण किया है। यद्यपि तथ्यों और आकड़ों से संबंधित अधिकांश मुद्दों का क्षति विश्लेषण में तथ्यात्मक ढंग से समाधान किया गया है, तथापि कुछ विशिष्ट अनुरोधों की नीचे जांच और समाधान किया गया है:

i. इस अनुरोध के संबंध में कि एसीटोन और फेनोल का उत्पादन करने वाला एचओसीएल का कोझि संयंत्र लगातार 10 वर्षों तक लाभ कमाता रहा, प्राधिकारी नोट करते है कि यह चिंता का विषय है कि इस ईकाई ने जांच अवधि में घाटा उठाया।

ii. इस तर्क के संबध में कि एचओसीएल ने ईंधन के रूप में एलएसएफओ के बजाय एलएनजी को अपनाया है, सत्यापन के दौरान कंपनी द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि जांच अवधि के दौरान संबद्ध वस्तु के उत्पादन में एलएसएफओ का प्रयोग किया गया।

iii. इस अनुरोध के संबंध में कि एचओसीएल को कोझि संयंत्र फेनोल और एसीटोन दोनों का उत्पादन करता है और इसलिए क्षति मार्जिन के निर्धारण के समय दोनों के आकड़ों को अलग किया जाए प्राधिकारी नोट करते है कि एनआईपी को सभी संगत कारकों पर विचार करते हुए एडी नियमावली के अनुबंध-III के अनुसार निर्धारित किया गया है।

iv. इस अनुरोध के संबंध में कि कम क्षमता उपयोग से लागत बढ़ जाती है और इसलिए एचओसीएल के मामले में, एनआईपी प्रयोजन के लिए लागतों के 100% क्षमता उपयोग के आधार पर परिकलित किया जाना चाहिए, प्राधिकारी मानते है कि एनआईपी को सभी संगत कारकों पर विचार करते हुए पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-III के अनुसार निर्धारित किया गया है।

v. एचओसीएल द्वारा उत्पादित एसीटोन की लागत में संभावित कटौती के लिए एनआईपी में समयोजन करने की जरूरत संबंधी अनुरोध और एनआईपी के परिकलन पर हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उठाए गए अन्य मुद्दों के संबंध में, प्राधिकारी मानते है कि एनआईपी को जांच अवधि के लिए आकड़ों के आधार पर पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-III में रेखांकित सिद्धांतों के अनुसार निर्धारित किया गया है।

vi. इस तर्क के संबंध में कि घरेलू उद्योग द्वारा दावा की गई नियोजित पूंजी पर 22% आय (आरओसीई) युक्तिसंगत नहीं है, प्राधिकारी नोट करते है कि 22% आरओसीई की अनुमति देना डीजीएडी की संगत प्रक्रिया है।

vii. इस तर्क के संबंध में कि एसआई ग्रुप का भागीदारी नहीं करना सिद्ध करता है कि वह आयातों द्वारा प्रतिकूलत: प्रभावित नहीं हुआ है, प्राधिकारी नोट करते है कि एसआई ग्रुप ने आवेदन का समर्थन किया है और जांच शुरूआत के बाद अपेक्षित सूचना प्रस्तुत की है और एचओसीएल के साथ-साथ उसके घरेलू उद्योग का हिस्सा होने को प्राधिकारी द्वारा सत्यापित किया गया है।

viii. इस तर्क के संबंध में एचओसीएल द्वारा पुरानी प्रौद्योगिकी अपनाया जाना, अधिक कर्मचारी और बायलरों, सीपीपी आदि में महंगे ईंधन का प्रयोग करना उनकी अकुशलता का मुख्य कारण है, जिससे क्षति हुई है, प्राधिकारी नोट करते है कि अगर ऐसा होता तो एचओसीएल दस लम्बे वर्षों तक लाभ नहीं कमा रहा होता।

ix. प्राधिकारी मानते है कि एचओसीएल और एसआई ग्रुप के निष्पादन पर समग्र रूप से विचार करना उचित नहीं होगा क्योंकि एचओसीएल और एसआई ग्रुप विभिन्न स्थानों से अनेक उत्पादों का उत्पादन कर रहे हैं। इसलिए प्राधिकारी ने केवल क्षति विश्लेषण और एनआईपी के प्रयोजनार्थ एसीटोन के संबंध में एचओसीएल और एसआई ग्रुप के कार्य निष्पादन पर विचार किया है। अत: हितबद्ध पक्षकारों का यह तर्क कि एचओसीएल को क्षति रासायनी में बंद पड़े संयंत्र के कारण हुई है, वर्तमान जांच में इसकी कोई प्रासंगिकता नहीं है।

x. इस तर्क के संबंध में कि घरेलू उद्योग को हुई क्षति का मुख्य कारण ताइवान और साऊदी अरब से संबद्ध वस्तु के आयात है और न कि आयात, प्राधिकारी नोट करते है कि पाटन अनेक स्रोतों से एक साथ हो सकता है। पाटनरोधी उपायों के उद्देश्य पाटन के स्रोतों का पता लगाना और पाटन के प्रभाव को निष्क्रिय करना है ताकि घरेलू उद्योग के लिए समान अवसर उपलब्ध हो सके।

xi. यह सच है कि एचओसीएल वित्तीय संकट से गुजर रही है, परंतु यह क्षति का एकमात्र कारण नहीं हो सकता है। एचओसीएल के समक्ष आ रहा वित्तीय संकट मुख्य निरंतर पाटन के कारण है।

xii. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि एचओसीएल को कम उत्पादन कंपनी को हुई क्षति का मुख्य का कारण है, प्राधिकारी नोट करते है कि उन्होंने पाटनरोधी नियमावली के अनुसार एनआईपी निर्धारित करने के लिए क्षति अवधि के दौरान कंपनी द्वारा ईष्टतम क्षमता उपयोग पर विचार किया। यह समयोजन उत्पादन में कमी के कारण एचओसीएल द्वारा उठाई गई क्षति, यदि कोई हो, का समाधान करता है।

xiii. इस तर्क के संबंध में कि एचओसीएल की पुरानी प्रौद्योगिकी और अधिक कर्मचारी होना उसकी क्षति का प्रमुख कारण है, प्राधिकारी नोट करते है कि क्षति अवधि के दौरान एचओसीएल का कार्य निष्पादन और कंपनी का उत्पादन तथा बिक्री सिद्ध करते हैं कि कंपनी ने पूर्व में काफी लाभ कमाए थे जो अब कम हो गए है और वर्तमान प्रौद्योगिकी के साथ वह वित्तीय घाटा उठा रही है। यह दर्शाता है कि एचओसीएल पाटन की गैर-मौजूदगी में लाभ कमा रही थी।

xiv. इस तर्क के संबंध में कि जांच अवधि के दौरान एसआई ग्रुप 105% पर प्रचालन कर रहा है एचओसीएल 67% पर प्रचालन कर रहा है और इसलिए एचओसीएल के घाटे आयातों के बजाय अन्य कारकों की वजह से हुए है,प्राधिकारी नोट करते हैं कि जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग (जिसमें एचओसीएल और एसआई ग्रुप शामिल है) पाटन के कारण क्षति उठा रहा है। अत: क्षति के लिए केवल कम क्षमता उपयोग को जिम्मेवार नहीं ठहरया जा सकता है।

xv. इस तर्क के संबंध में कि एचओसीएल का वार्षिक प्रतिवेदन 2012-13 में घाटों का कारक फेनोल पर से पाटनरोधी शुल्क हटाया जाना भी बताया गया है, प्राधिकारी नोट करते है कि वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद एसीटोन है और क्षति विश्लेषण उक्त उत्पाद के संदर्भ में संबद्ध देश से उसके पाटन के संबंध में किया गया है। फिर भी, घरेलू उद्योग को क्षति एक से अधिक स्रोत से निर्यातित एक से अधिक उत्पाद के पाटन के कारण एक साथ हो सकती है।

61. इस संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा किए गए विभिन्न अनुरोधों पर विचार करने पर प्राधिकारी संबद्ध देश से आयातों के कारण पाटन और क्षति के संभावित पहलुओं की जांच की कार्यवाही करने से पहले घरेलू उद्योग को हुई वर्तमान क्षति, यदि कोई हो, की जांच की कार्यवाही करते है।

62. अनुबंध-II के साथ पठित पाटनरोधी नियमावली के नियम-11 में किसी क्षति के निर्धारण में यह उपबंध है कि किसी क्षति जांच में "... पाटित आयातों की मात्रा, समान वस्तुओं के लिए घरेलू बाजार में कीमतों पर उनके प्रभाव और ऐसी वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर ऐसे आयातों के परिणामी प्रभाव सहित सभी संगत कारकों को ध्यान में रखते हुए ..." ऐसे कारकों की जांच शामिल होगी जिनसे घरेलू उद्योग को हुई क्षति का पता चल सकता हो। कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव पर विचार करते समय इस बात पर विचार करना आवश्यक है कि क्या पाटित आयातों द्वारा भारत में समान वस्तु की कीमत की तुलना में अत्यधिक कीमत कटौती हुई है अथवा क्या ऐसे आयातों के प्रभाव से की कीमतों में अन्यथा अत्यधिक गिरावट आई है या कीमत में होने वाली उस वृद्धि में रूकावट आई है, जो अन्यथा पर्याप्त स्तर तक बढ़ गई होती।"

63. भारत में घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच के लिए उत्पादन, क्षमता उपयोग, बिक्री मात्रा, स्टॉक, लाभप्रदता, निविल बिक्री प्राप्ति, पाटन की मात्रा और मार्जिन आदि जैसे उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालने वाले संकेतकों पर संबंधित नियमावली के अनुबंध-II के अनुसार विचार किया गया है।

64. वर्तमान जांच लागू पाटन रोधी शुल्कों की निर्णायक समीक्षा है। नियम 23 में व्यवस्था है कि नियम 11 के प्रावधान समीक्षा के मामले में भी आवश्यक संशोधनों के साथ लागू होंगे। अत: प्राधिकारी ने अनुबंध-II के साथ पठित नियम 11 के प्रावधानों में आवश्यक संशोधनों पर विचार करते हुए घरेलू उद्योग के लिए क्षति निर्धारित की है। इसके अलावा, चूंकि विचाराधीन उत्पादों के आयातों पर पाटन रोधी शुल्क लागू हैं इसलिए प्राधिकारी ने विचार किया है कि क्या कोरिया गणराज्य से संबद्ध वस्तुओं के आयातों पर मौजूदा पाटन रोधी शुल्कों पर घरेलू उद्योग को हुई क्षति की जांच करते समय विचार करना आवश्यक है। प्राधिकारी ने इस बात की जांच की है कि क्या क्षति पहुंचाने वाले पाटन का मुकाबला करने वाले मौजूदा पाटनरोधी उपाय पर्याप्त है या नहीं।

65. सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम की धारा 9(क) (5) के अनुसार लगाया गया पाटनरोधी शुल्क जब तक उसे समाप्त न किया जाए, इस प्रकार से लगाए जाने की तारीख से 5 वर्ष की समाप्ति पर निष्प्रभावी हो जाएगा, परंतु यदि किसी समीक्षा में केन्द्र सरकार का यह मत हो कि ऐसे शुल्क की समाप्ति से पाटन तथा क्षति के जारी रहने या उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना है तो वह इस प्रकार से लगाए गए शुल्क की अवधि को आगे और 5 वर्ष के लिए बढ़ा सकती है और आगे की ऐसी अवधि इस प्रकार के समय विस्तार के आदेश की तारीख से शुरू होगी।

66. वर्तमान क्षति विश्लेषण के लिए प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग पर संबद्ध वस्तुओं के पाटित आयात के मात्रा और कीमत प्रभाव की जांच की है और कीमतों तथा लाभप्रदता पर उसके प्रभाव की क्षति तथा पाटन और क्षति के बीच कारणात्मक संबंध, यदि कोई हो, की मौजूदगी की जांच करने के लिए इसकी जांच की है। प्राधिकारी ने नियमों के अंतर्गत घरेलू उद्योग बनाने वाले मैसर्स हिन्दुस्तान आर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड और मैसर्स एसआई ग्रुप इंडिया लिमिटेड से संबंधित सूचना पर विचार करके घरेलू उद्योग को हुई क्षति की जांच की है। तदनुसार पाटित आयातों का मात्रा और कीमत प्रभाव निम्नानुसार परीक्षित किया गया है:

मात्रात्मक प्रभाव:

पाटित आयातों का मात्रात्मक प्रभाव और घरेलू उद्योग पर प्रभाव

मांग और बाजार हिस्सा

67. प्राधिकारी ने देश में उत्पाद की मांग और स्पष्ट खपत को निर्धारित भारतीय उत्पादकों की घरेलू बिक्रियों और सभी स्रोतों से आयातों के योग के रूप में निर्धारित किया है। इस प्रकार आकलित मांग निम्नांकित तालिका में देखी जा सकती है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि यद्यपि जांच अवधि के दौरान आधार वर्ष की तुलना में देश में उत्पाद की मांग में वृद्धि हुई है तथापि इसी अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में गिरावट आई है।

क्र.सं.	विवरण	इकाई	2009-10	2010-11	2011-12	जांच अवधि
क	मांग					
1	घरेलू उद्योग की बिक्रियां	एमटी	44,400	51,267	41,060	38,854
2	कुल आयात	एमटी	80,601	78,857	102,294	97,292
3	संबद्ध देश	एमटी	15,939	27,282	18,698	8,486
	कोरिया	एमटी	15,939	27,282	18,698	8,486
4	जांच के अधीन देश	एमटी	10,596	22,483	38,849	49,392
	ताईवान	एमटी	10,596	17,993	33,159	44,233
	साऊदी अरब	एमटी	-	4,490	5,690	5,159
5	देश जिन पर पाटन रोधी शुल्क लागू है	एमटी	51,713	26,401	39,316	37,778
6	अन्य देश	एमटी	2,353	2,691	5,431	1,636
7	कुल मांग	एमटी	125,001	130,124	143,354	136,146
ख	बाजार हिस्सा					
1	घरेलू उद्योग	%	36	39	29	29
2	संबद्ध देश	%	13	21	13	6
3	जांच के अधीन देश	%	8	17	27	36

4	देश जिन पर पाटन रोधी शुल्क लागू है	%	41	20	27	28
5	अन्य देश	%	2	2	4	1
6	कुल	%	100	100	100	100

आयात मात्रा और बाजार हिस्सा

68. पाटित आयातों की मात्रा के संबंध में प्राधिकारी के लिए इस बात पर विचार करना अपेक्षित है कि क्या पाटित आयातों में समग्र रूप से या भारत में उत्पादन अथवा खपत की दृष्टि से भारी वृद्धि हुई है। नीचे दी गई सूचना से प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध देश से आयातों की मात्रा यद्यपि आधार वर्ष की तुलना में जांच अवधि के दौरान कम हुई है तथापि, पाटन रोधी शुल्क लागू होने के बावजूद यह पर्याप्त बनी हुई है।

क्र.सं.	विवरण	इकाई	2009-10	2010-11	2011-12	जांच अवधि
क						
1	संबद्ध देश	एमटी	15,939	27,282	18,698	8,486
	कोरिया	एमटी	15,939	27,282	18,698	8,486
2	जांच के अधीन देश	एमटी	10,596	22,483	38,849	49,392
	ताईवान	एमटी	10,596	17,993	33,159	44,233
	साऊदी अरब	एमटी	-	4,490	5,690	5,159
3	देश जिन पर पाटन रोधी शुल्क लागू है	एमटी	51,713	26,401	39,316	37,778
4	अन्य देश	एमटी	2,353	2,691	5,431	1,636
5	कुल आयात	एमटी	80,601	78,857	102,294	97,292
ख						
1	संबद्ध देश	%	20	35	18	9
	कोरिया	%	20	35	18	9
2	जांच के अधीन देश	%	13	29	38	51
	ताईवान	%	13	23	32	45
	साऊदी अरब	%	-	6	6	5
3	देश जिन पर पाटन रोधी शुल्क लागू है	%	64	33	38	39
4	अन्य देश	%	3	3	5	2
5	कुल आयात	%	100	100	100	100

कीमत प्रभाव

पाटित आयातों का कीमत प्रभाव और घरेलू उद्योग पर प्रभाव

69. संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु के आयातों के कारण घरेलू उद्योग की कीमत पर पड़े प्रभाव की जांच कीमत कटौती, कम कीमत

पर बिक्री, कीमत न्यूनीकरण और कीमत अल्पिकरण के संदर्भ में की गई है। इस विश्लेषण के प्रयोजनार्थ घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत, निवल बिक्री प्राप्ति (एनएसआर) और क्षति रहित कीमत की तुलना संबद्ध देश से आयातों के पहुंच मूल्य के साथ की गई है। जांच अवधि के दौरान संबद्ध वस्तु की तुलना पाटित आयातों के पहुंच मूल्य और घरेलू उद्योग में घरेलू बिक्री कीमत के बीच की गई है। घरेलू उद्योग की निवल बिक्री प्राप्ति निर्धारित करने के लिए कर, छूट, डिस्काउट और कमीशन पर घरेलू उद्योग के व्यय को समायोजित किया गया है। क्षति के आकलन में कम कीमत पर बिक्री एक महत्वपूर्ण संकेतक है इसलिए प्राधिकारी ने क्षति रहित कीमत ज्ञात की है और कम कीमत पर बिक्री का पता लगाने के लिए उसकी तुलना पहुंच मूल्य के साथ की है। घरेलू उद्योग के लिए क्षति रहित कीमत ज्ञात का मूल्यांकन जांच अवधि के दौरान विचाराधीन उत्पादन की लागत उचित ढंग से विचार करके सिद्धांतों के अनुसार किया गया है इसकी स्थिति निम्नानुसार है?

कीमत कटौती और कम कीमत पर बिक्री

70. प्राधिकारी ने पाटन रोधी शुल्क सहित और उसके बिना कीमत कटौती और कम कीमत पर बिक्री का निम्नानुसार विश्लेषण किया है:

कीमत कटौती

71. प्राधिकारी नोट करते है कि इस बात पर विचार करना अपेक्षित है कि क्या भारत में समान उत्पाद की कीमत की तुलना में पाटित आयातों द्वारा भारी कीमत कटौती की गई है। क्या ऐसे आयातों का प्रभाव अन्यथा कीमतों भारी मात्रा में कमी करना है या ऐसी कीमत वृद्धि को रोकना है जो अन्यथा काफी मात्रा में बढ़ गई होती।

72. प्राधिकारी नोट करते है कि संबद्ध देश से आयात भारतीय बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती कर रहे हैं। जांच अवधि के दौरान पाटन रोधी शुल्क सहित और उसके बिना कीमत कटौती मौजूद है।

क्र.सं.	विवरण	इकाई	2009-10	2010-11	2011-12	जांच अवधि
1	निवल बिक्री प्राप्ति	रुपये/एमटी	***	***	***	***
		सूची	100	104	137	139
2	पाटन रोधी शुल्क के बिना पहुंच मूल्य	रुपये/एमटी	41,952	44,055	58,821	60,573
	प्रवृत्ति	सूची	100	105	140	144
3	पाटन रोधी शुल्क	रुपये/एमटी	3,252	3,109	3,241	3,615
4	पाटन रोधी शुल्क सहित पहुंच मूल्य	रुपये/एमटी	45,204	47,164	62,062	64,188
	पाटन रोधी शुल्क	सूची	100	104	137	142
5	पाटन रोधी शुल्क के बिना कीमत कटौती	रुपये/एमटी	***	***	***	***
		सूची	100	100	113	94
6	पाटन रोधी शुल्क के बिना कीमत कटौती	%	***	***	***	***
		रेंज	10-15	10-15	10-15	10-15
7	पाटन रोधी शुल्क के सहित कीमत कटौती	रुपये/एमटी	***	***	***	***
		सूची	100	105	131	71

8	पाटन रोधी शुल्क के सहित कीमत कटौती	%	***	***	***	***
		रेंज	0-10	0-10	0-10	0-10

कम कीमत पर बिक्री

विवरण	माप की इकाई	जांच अवधि
घरेलू उद्योग की क्षतिरहित कीमत	रुपये/एमटी	***
पाटन रोधी शुल्क के बिना पहुंच मूल्य	रुपये/एमटी	60,573
पाटन रोधी शुल्क सहित पहुंच मूल्य	रुपये/एमटी	64,188
पाटन रोधी शुल्क के बिना कम कीमत पर बिक्री	रुपये/एमटी	***
पाटन रोधी शुल्क सहित कम कीमत पर बिक्री	रुपये/एमटी	***
पाटन रोधी शुल्क के बिना कम कीमत पर बिक्री	%	***
पाटन रोधी शुल्क सहित कम कीमत पर बिक्री	%	***
रेंज %		
पाटन रोधी शुल्क के बिना कम कीमत पर बिक्री		5-15
पाटन रोधी शुल्क सहित कम कीमत पर बिक्री		0-10

73. प्राधिकारी नोट करते है कि पाटित आयातों का कम कीमत पर बिक्री प्रभाव पाटन रोधी शुल्क सहित और उसके बिना दोनों स्थिति में सकारात्मक है

कीमत न्यूनीकरण और अल्पिकरण

74. घरेलू कीमतों पर पाटित आयातों की कीमत न्यूनीकरण और अल्पिकरण प्रभावों की जांच करने के लिए घरेलू उद्योग की निवल बिक्री प्राप्ति की प्रवृत्ति की तुलना बिक्री लागत से की गई है। नीचे दिए गए आंकड़े दर्शाते है कि घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत जांच अवधि के दौरान बिक्री लागत से कम रही है। इसके अलावा, संबद्ध देश से पहुंच कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से कम रही है जिससे कीमत न्यूनीकरण हुआ है।।

क्र.सं.	विवरण	इकाई	2009-10	2010-11	2011-12	जांच अवधि
1	बिक्री लागत	रुपये/एमटी	***	***	***	***
		सूची	100	86	128	150
2	निवल बिक्री कीमत	रुपये/एमटी	***	***	***	***
		सूची	100	104	137	139

घरेलू उद्योग के अन्य आर्थिक मापदंडों की जांच

75. नियमावली के अनुबंध-II में यह अपेक्षित है कि क्षति के विश्लेषण में ऐसे उत्पादों के घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों के परिणामी प्रभाव की तथ्यपरक जांच शामिल होगी। जहां तक ऐसे उत्पादों के घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों के परिणामी प्रभाव का संबंध हे, नियमों में आगे यह उपबंध है कि घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच में समस्त संगत आर्थिक कारकों और बिक्री, लाभ, उत्पादन, बाजार हिस्से, उत्पादकता, निवेश पर आय या क्षमता उपयोग से वास्तविक एवं संभावित गिरावट सहित उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालने वाले संकेतकों, घरेलू उद्योग को प्रभावित करने वाले कारकों, पाटन मार्जिन की मात्रा, नकद प्रवाह, माल सूची, रोजगार, मजदूरी, वृद्धि, पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता पर वास्तविक और संभावित ऋणात्मक प्रभावों का तथ्यपरक एवं निष्पक्ष मूल्यांकन शामिल होगा। तदनुसार, घरेलू उद्योग के विभिन्न आर्थिक मापदंडों का विश्लेषण निम्नानुसार किया गया है।

उत्पादन, क्षमता और क्षमता उपयोग

76. प्राधिकारी निम्नांकित तालिक से नोट करते है कि जांच अवधि में विचाराधीन उत्पाद की क्षमता में मामूली वृद्धि हुई है जबकि जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के वास्तविक उत्पादन और क्षमता उपयोग में आधार वर्ष और पूर्ववर्ती वर्षों की तुलना में गिरावट आई है।

क्र.सं.	विवरण	इकाई	2009-10	2010-11	2011-12	जांच अवधि
1	स्थापित क्षमता	एमटी	45,500	45,500	45,500	47,140
		सूची	100	100	100	104
2	उत्पादन	एमटी	45,336	50,237	41,669	39,052
	प्रवृत्ति	सूची	100	111	92	86
3	क्षमता उपयोग	%	99.64	110.41	91.58	82.84
	प्रवृत्ति	सूची	100	111	92	83

घरेलू उद्योग की बिक्रियां

77. नीचे दी गई सूचना से प्राधिकारी नोट करते है कि जांच अवधि में घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्रियों में 2010-11 में सर्वोच्च स्तर पर पहुंचने के पश्चात आधार पर वर्ष और पूर्ववर्ती वर्ष की तुलना में गिरावट आई है

क्र.सं.	विवरण	इकाई	2009-10	2010-11	2011-12	जांच अवधि
1.	घरेलू बिक्री	एमटी	41,302	48,442	39,897	38,433
	प्रवृत्ति	सूची	100	117	97	93

लाभ/हानि, निवेश पर आय और नकद प्रवाह

78. निवेश पर आय, ब्याज पूर्व तथा पश्चात लाभ/हानि तथा नकद लाभ निम्नानंकित तालिका पर दर्शाया गया है:

क्र.सं.	विवरण	इकाई	2009-10	2010-11	2011-12	जांच अवधि
1	उत्पादन लागत	रुपये/एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूची	100	86	128	150
2	निवल बिक्री कीमत	रुपये/एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूची	100	104	137	139
3	लाभ/हानि	रुपये/एमटी	***	***	***	(***)
	प्रवृत्ति	सूची	100	373	261	(27)
4	लाभ/हानि	लाख रुपये	***	***	***	(***)
	प्रवृत्ति	सूची	100	437	252	(25)
5	ब्याज पूर्व लाभ	रुपये/एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूची	100	354	216	0
6	नकद लाभ	रुपये/एमटी	***	***	***	(***)
	प्रवृत्ति	सूची	100	408	241	(13)
7	नियोजित पूंजी पर आय	%	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूची	100	485	253	0

79. प्राधिकारी नोट करते है कि जांच अवधि में घरेलू उद्योग के लाभों में भारी गिरावट आई है। बिक्री कीमत में वृद्धि लागत के स्तर में वृद्धि से काफी कम है। ब्याज पूर्व लाभ में 2010-11 में वृद्धि हुई और तत्पश्चात इनमें जांच अवधि के दौरान भारी और तेजी से गिरावट आई है। यह भी नोट किया गया है कि नकद लाभों में भी लाभों जैसी ही प्रवृत्ति रही है। घरेलू उद्योग के नकद लाभ में भारी गिरावट आई है जिससे जांच अवधि में घरेलू उद्योग को नकद घाटे उठाने पड़े हैं। इसके अलावा, नियोजित पूंजी पर आय में भी विकृति आई है और जांच अवधि में ये ऋणात्मक स्तर तक पहुंच गई है।

माल सूची

80. नीचे तालिका में दिए गए आंकड़े दर्शाते है कि घरेलू उद्योग के साथ माल सूची स्तरों में आधार वर्ष की तुलना में गिरावाट आई है।

विवरण	इकाई	2009-10	2010-11	2011-12	पीओआई
औसत स्टॉक	एमटी	1,402	1,355	1,144	837
	सूची	100	97	82	60

रोजगार और मजदूरी

81. नीचे दी गई तालिका से प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग के रोजगार और मजदूरी दोनों ने क्षति अवधि में

सुधार दर्शाया है। तथापि, यह भी नोट किया जाता है कि इस बात को देखते हुए कि घरेलू उद्योग बहु-उत्पाद कंपनी है और इन घटकों के आधार पर निष्पादन देश के कानून द्वारा अधिक शासित होता है, और हो सकता है ये पैरामीटर घरेलू उद्योग को पेश आई निरंतर क्षति के क्षति परावर्ती न हो।

क्र.सं.	विवरण	इकाई	**2009-10**	**2010-11**	**2011-12**	पीओआई
1	कर्मचारी	सं.	***	***	***	***
		सूची	100	103	103	103
2	मजदूरी	लाख रुपये	***	***	***	***
		सूची	100	208	247	251

उत्पादकता

82. प्राधिकारी नीचे दी गई तालिका से इस बात को नोट करती है कि पीओआई के दौरान घरेलू उद्योग की उत्पादकता क्षति अवधि के दौरान उत्पादन के साथ बढी-घटी है।

क्र.सं.	विवरण	इकाई	**2009-10**	**2010-11**	**2011-12**	पीओआई
1	प्रति कर्मचारी उत्पादकता	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूची	100	108	89	84
2	प्रतिदिन उत्पादकता	एमटी/दिन	124	138	114	107
	प्रवृत्ति	सूची	100	111	92	86

पाटन मार्जिन का परिमाण

83. प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु के आयातों का पाटन मार्जिन पाटन रोधी शुल्क के बावजूद सकारात्मक और भरपूर मात्रा में हुआ है।

वृद्धि

84. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने 2010-11 तक सकारात्मक वृद्धि दर्शाई लेकिन उसके बाद वृद्धि नकारात्मक बन गई और पीओआई के दौरान, वृद्धि उल्लेखनीय रूप से नकारात्मक हो गई।

घरेलू कीमतों को प्रभावित करने वाले घटक

85. संबद्ध देश तथा दूसरे देशों से आयात की कीमतों की जांच, लागत संरचना मं बदलाव, घरेलू बाजार में प्रतिस्पर्धा, पाटन किए गए आयातों के अलावा ऐसे घटक जो घरेलू बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों को प्रभावित कर सकते हो, इत्यादि यह दर्शाते है कि पाटन रोधी शुल्क के साथ और इसके बिना संबद्ध देश से आयातित संबद्ध वस्तु का अवतरण मूल्य बिक्री कीमत से कम है और घरेलू की गैर क्षतिकर कीमत के कारण भारतीय बाजार में कीमतों में कमी होने के साथ-साथ सस्ते दामों पर बिक्री की जा रही है। यह भी नोट किया गया कि पीओआई के दौरान संबद्ध वस्तु खासी वृद्धि दर्शा रही थी और इसलिए यह घरेलू कीमतों को प्रभावित करने वाला घटक नहीं हो सकता था। इस प्रकार, घरेलू कीमतों को प्रभावित करने वाला मुख्य घटक संबद्ध देशों से आयातित संबद्ध वस्तु का अवतरण मूल्य है।

पूंजीगत निवेश जुटाने की क्षमता

86. पाटन की स्थिति में घरेलू उद्योग द्वारा पूंजीगत निवेश बढ़ाने की योग्यता उपयुक्त नहीं है क्योंकि घरेलू उद्योग बहु-उत्पाद कंपनी है।

ज. <u>कारणात्मक संबंध</u>

87. ये नियम प्राधिकारी को पाटित आयातों तथा पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग को हुई क्षति के बीच के कारणात्मक संबंध जांच करने के लिए अधिदेशित करते है। प्राधिकारी ने निम्नानुसार इस बात की जांच की कि क्या ज्ञात घटकों ने घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचाई है:

i. **तीसरे देशों से आयात:** प्राधिकारी नोट करते है कि अन्य देशों से ऐसे उत्पादन के आयात का पाटन पर विचार किया जा रहा है, जो घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचा रहे है और उन पर या तो पाटन रोधी शुल्क लगाया जा रहा है या फिर पाटन रोधी शुल्क लगाने की जांच की जा रही है। प्राधिकारी पुन: नोट करते हैं कि यद्यपि जांचाधीन देशों तथा पाटन रोधी शुल्क के लिए रखे गए देशों से आयातों के अवतरण मूल्य की तुलना में कोरिया से आयात के कारण घरेलू उद्योग को प्रतिस्पर्धियों की तुलना में अपेक्षाकृत कम कीमत रखने, सस्ती कीमत पर बेचने तथा कीमत पर दबाव के रूप में क्षति हो रही है।

ii. **मांग में संकुचन:** प्राधिकारी नोट करते है कि मांग में कोई संकुचन नहीं हुआ है क्योंकि सम्पूर्ण क्षति अवधि के दौरान देश में संबद्ध वस्तु की मांग में निरंतर वृद्धि हुई है।

iii. **खपत की पद्धति:** यह नोट किया जाता है कि किसी भी इच्छुक पक्षकारों ने घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचाने वाली सब्जेक्ट गुड्स की खपत की पद्धति में बदलाव के बारे में कोई निवेदन नहीं किया है।

iv. **प्रतिस्पर्धा की शर्तें:** प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि जांच में यह नहीं दर्शाया गया है कि प्रतिस्पर्धा की शर्तें अथवा व्यापार प्रतिबंधात्मक रीतियां घरेलू उद्योग को हुई क्षति के लिए जिम्मेदार है।

v. **प्रौद्योगिकी में हुए बदलाव:** प्राधिकारी नोट करते हैं कि जांच में इस बात को नहीं दर्शाया गया है कि प्रौद्योगिकी में कोई महत्वपूर्ण बदलाव हुआ हो जिससे घरेलू उद्योग को क्षति पहुंची हो।

vi. **घरेलू उद्योग का निर्यात निष्पादन:** घरेलू उद्योग का निर्यात निष्पादन सुसंगत नहीं है अत: प्राधिकारी ने क्षति विश्लेषण के लिए केवल घरेलू उद्योग के घरेलू निष्पादन पर विचार किया।

<u>वास्तविक क्षति तथा कारणात्मक संबंध के संबंध में निष्कर्ष</u>

88. संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु के पाटित आयात घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती कर रहे हैं। संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु के पाटित आयात के कारण कीमतें सस्ती हो रही है और कीमत कटौती और कमी के कारण घरेलू उद्योग की कीमतें प्रभावित होती है। इसके अतिरिक्त, निरंतर पाटन के चलते घरेलू उद्योग की वित्तीय हालत बदत्तर हो गई है। उपर्युक्त के मद्देनजर, प्राधिकारी इस बात को मानते है कि घरेलू उद्योग को संबद्ध देश से पाटित आयातों के कारण भौतिक क्षति हुई है।

झ <u>पाटन की निरंतरता/पुनरावृत्ति की संभावना</u>

<u>घरेलू उद्योग द्वारा क्षति संबंधी अनुरोध</u>

89. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. पाटन रोधी शुल्क की समाप्ति की स्थिति में क्षति की संभावना समाप्ति करने के लिए कोरिया से आयातों की वर्तमान मात्रा और कीमत स्वयमेव पर्याप्त है। इस बात में विश्वास करने का कोई कारण नहीं है कि पाटन रोधी शुल्क की समाप्ति से यह मात्रा घर जाएगी।

ii. विचाराधीन उत्पाद का पाटन जारी है और संबद्ध देश से इसको बढ़ाने जाने की संभावना हे, तो क्या वर्तमान पाटन रोधी शुल्क को रद्द कर दिया जाना चाहिए।

iii. पाटन रोधी शुल्क के निरसन का तात्पर्य है घरेलू उद्योग को और अधिक क्षति।

iv. वर्तमान में पाटन रोधी शुल्क के लागू होने के बावजूद आयातों की मात्रा काफी अधिक है।

v. पाटन रोधी शुल्क की समाप्ति से बाजार में विचाराधीन उत्पाद की कीमतों पर काफी दमनात्मक तथा अवनमनात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना है।

vi. यह दिखा गया है कि केपीबी के बीपीए संयंत्र स्थापित किए जाने के बाद भी 44% विचाराधीन उत्पाद की आबद्ध रूप से खपत करेगा और केपीबी का 56% उत्पादन बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध रहेगा। इसके अलावा, अन्य उतपादक, एलजी केम, अपनी क्षमताओं का विस्तार कर रहा है जिससे कोरियन बाजार में खासा अधिशेष सृजित हो

जाएगा। इसके परिणामस्वरूप स्पष्ट तौर पर कोरियन उत्पादकों के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ जाएगी और दोनों ही कोरियन उत्पादकों को कोरिया से बाहर बाजार संबंधी अवसर तलाशने के लिए बाध्य करेगी। एलजी द्वारा क्षमता में वृद्धि का असर सिर्फ एलजी तक सीमित नहीं रहेगा। इसका प्रभाव निश्चित तौर पर केपीबी पर भी पड़ेगा।

vii. प्राधिकारी द्वारा विगत सभी मामलों में पाटन के तथ्य को स्थापित किया गया है। फेनोल तथा ऐसिटोन क्षमता में उल्लेखनीय वैश्विक अधिशेष स्पष्ट तौर पर इस उत्पाद के भारत में पाटन का कारण है। इस प्रकार के उल्लेखनीय अधिशेषों की संभावना बनी रहेगी। बल्कि, ऐसीटोन की मांग में आनुपातिक वृद्धि के बिना फेनोल की मांग में वृद्धि की संभावना है, जिससे वैश्विक बाजार में ऐसीटोन की कीमतों पर पुन: दबाव आ जाएगा।

viii. संबंधित उत्पाद के वैश्विक बाजार परिदृश्य की स्थिति अच्छी नहीं है। वैश्विक बाजार में इसका पर्याप्त मात्रा में अधिशेष मौजूद है अैर जिसके पुन: और बढ़ने की संभावना है। अत: ऐसी स्थिति में उत्पादक वैश्विक तौर पर मौजूदा बाजारों तथा उपलब्ध क्षमताओं का इस्तेमाल करे की तलाश कर रहे हैं।

ix. संबद्ध वस्तु की कीमतें वैश्विक मांग तथा आपूर्ति के आधार पर निर्धारित की जाती है। अब ये उत्पाद वैश्विक बाजार में पर्याप्त मात्रा में अधिशेष है, अत: विदेशी उत्पादक निर्यात बाजार में गलाकाट प्रतिस्पर्धा का सहारा ले रहे है ताकि अपने स्वयं कि उत्पादन को इष्टतम बना सके।

x. वैश्विक तौर पर ऐसीटोन की मांग वर्तमान क्षमताओं से कम है। उत्पाद की पण्य प्रकृति, उत्पादन प्रक्रिया की प्रकृति को देखते हुए, ऐसा होता है कि वैश्विक उत्पादक एक-दूसरे से प्रचंड प्रतिस्पर्धा करते हैं। इस प्रकार, वर्तमान में विश्व में इस उत्पाद की मात्रा अधिशेष में होने से कोरियन उत्पादकों को महत्वपूर्ण असर उपलब्ध हो जाएंगे ताकि वे पाटन रोधी शुल्क की समाप्ति की स्थिति में पाटन को बढ़ा दें।

xi. संबद्ध देश में उत्पादक विपुल क्षमताएं बनाए रखते है। पाटन-रोधी शुल्क के प्रतिसंहरण की स्थिति में संबद्ध वस्तु के आयात की मात्रा को पुन: बढ़ाना होता है, जो कि शुल्क लगाने के बावजूद निरंतर आयात के तथ्य से स्पष्ट है। संबद्ध देश में उत्पादकों की ज्ञात क्षमता निम्नानुसर है:

क. कुम्हो पी एण्ड बी केमिकल्स संयंत्र की क्षमता 230,000 एमटी प्रतिवर्ष है। यह भी देखा गया है कि कुम्हो पी एण्ड बी केमिकल्स 70-80% क्षमता पर चल रहा है। इस निर्यातक के पास अब भी अतिरिक्त क्षमता मौजूद है जिसका वह उपयोग कर सकता है। पाटन रोधी शुल्क के प्रतिसंहरण की स्थिति में, उत्पादक के उच्चतर क्षमता का प्रचालन करने तथा वस्तुओं को भारत को बेचने की संभावना है। कंपनी ने यह तर्क दिया था कि उन्होंने अपनी क्षमता में वृद्धि नहीं की है, हालांकि उन्होंने यह तथ्य छुपाया है कि उनका एक संयंत्र वर्ष 2009 से बेकार पड़ा है।

ख. एलजी के दो प्रचालन संयंत्रों की संयुक्त क्षमता के 360,000 एमटी प्रतिवर्ष है। इसके यीओसू स्थित संयंत्र की क्षमता 180000 मीट्रिक/प्रतिवर्ष है। इसने हाल ही में ऐसीटोन तथा फेनोल के लिए 2013 में डियासन में एक और संयंत्र स्थापित किया है। इस संयंत्र की नामांकित रूप में क्षमता 180000 एमटी प्रतिवर्ष है। आईसीआईएस की रिपोर्ट बताती है कि नया संयंत्र बाजार में व्याप्त कमजोर परिस्थितियों के कारण कमतर स्तरों पर प्रचालनरत है। इस प्रकार निर्यातक की अधिशेष क्षमता को देखते हुए, भारत में वस्तुएं निर्यात करने की संभावना है, क्योंकि भारत एसीटोन के लिए एक उभरता बाजार है। उपर्युक्त बातों के समर्थन में रिपोर्टस के निष्कर्षों को पहले ही प्रस्तुत किया जा चुका है।

xii. जांच अवधि के दौरान संबद्ध देश से विश्व को किया गया निर्यात पर्याप्त रूप से अधिक था। जिन कीमतों पर अन्य देशों को संबद्ध वस्तु का निर्यात किया गया था, वे भारत निर्यात की जा रही वस्तुओं की कीमत से कमतर थी। इसके अतिरिक्त, जांच अवधि के बाद की अवधि में, अन्य देशों तथा भारत को निर्यातित कीमतों क अंतर और बढ़ गया है। अतएव, यह देखा जा सकता है कि पाटन रोधी शुल्क के प्रतिसंहरण की स्थिति में संबद्ध देश भारत को वस्तुओं का निर्यात उसी कीमत पर करेगा जिस कीमत पर उन्हें वैश्विक रूप से निर्यात किया गयाहै और इससे पाटन तथा घरेलू उद्योग की क्षति में बढ़ोतरी हुई।

xiii. कोरिया से निर्यात की मात्रा में कमी का कारण वैश्विक मांग का कमजोर पड़ना हो सकता है, जैसा कि ऊपर उल्लिखित है।

xiv. शुल्क लगाए जाने के पश्चात आयातों में कमी तथा ऐसे निर्यातों में पाटन मार्जिन शुल्क हटाए जाने की स्थिति में पाटन की संभावना को इंगित करता है और यह स्वयमेव पाटन रोधी के विस्तार को न्यायोचित ठहराता है।

xv. विनिर्दिष्ट प्राधिकारी को वैयक्तिक कंपनी से संभावित क्षति को निर्धारित करने की जरूरत नहीं है। संभावित क्षति की जांच देशवार होती है न कि कंपनी विशेष के अनुसार है। निर्यातक देश में एक से अधिक कंपनियां होने तथा उनमें से एक के घरेलू उद्योग क्षति पहुंचाने की संभावना नहीं होने की स्थिति में यह उस कंपनी के लिए पाटन रोधी शुल्क की समाप्ति को न्यायसंगत नहीं ठहराता है।

xvi. संबद्ध देश के उत्पादक विचाराधीन उत्पादों का पहले से ही अनेक देशों को पाटन कीमतों पर निर्यात कर रहे है। अत: पाटन रोधी शुल्क की समाप्ति की स्थिति में संबद्ध देश के उत्पादकों के उनके अन्य देश के किए जाने वाले निर्यातों के भारतीय बाजार की तरफ मोड़ने की संभावना है, विशेषकर भारत की बढ़ती मांग की स्थिति को देखते हुए।

xvii. आयातों में भारी वृद्धि होने के मामले में घरेलू उद्योग को या तो अपनी कीमतें घटाने पड़ेगी या बिक्री गंवानी पड़ेगी। प्रत्येक स्थिति को घरेलू उद्योग को नुकसान उठाना पड़ेगा। यदि घरेलू उद्योग अपनी कीमतें कम करता है तो उसे भारी वित्तीय घाटा, निवेश पर ऋणात्मक आय और ऋणात्मक नकद प्रवाहों को झेलना पड़ेगा। घरेलू उद्योग और अधिक बाज़ार हिस्से को गंवा देगा और इसके परिणामस्वरूप उत्पादन, बिक्री और क्षमता उपयोग में नुकसान होगा।

xviii. घरेलू उद्योग पहले से ही क्षति उठा रहा है। क्या वर्तमान पाटन रोधी शुल्क का प्रतिसंहरण किया जाना चाहिए, क्या इससे घरेलू उद्योग की क्षति में और बढ़ोतरी होगी।।

<u>उत्पादकों/निर्यातकों/आयतकों और अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोध</u>

90. संभावित पाटन तथा क्षति के संबंध में उत्पादकों/निर्यातकों/आयतकों और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दिए गए अनुरोध निम्नानुसार है:

i. घरेलू रूप से 90% अधिक खपत होने के साथ पीओआई समीक्षा के दौरान कोरिया में पीयूसी के उत्पादन की क्षमता सीमित है।

ii. एसएसआर पीओआई के पश्चात केपीबी द्वारा कोई विस्तार अथवा समुचित विस्तार नहीं किया गया और यह नोट किया जा सकता है कि केपीबी ने क्षमता उपयोग को पहले ही अधिकतम कर दिया है।

iii. विचारित क्षति अवधि में भारत को कोरिया से किए गए निर्मातों में भारी कमी आई और यह कमी खासतौर पर 2011 से चीनी ताईपेई पीयूसी पर से शुल्क हटाए जाने से पहले हुई।

iv. केपीबी द्वारा उसका स्वयं का आबद्ध बीपीए संयंत्र स्थापित किए जाने के कारण हाल ही के वर्षों में केपीबी द्वारा पीयूसी की आबद्ध खपत बढ़ गई है।

v. केपीबी के पीयूसी की भारत की सुपुर्दगी केवल छुटपुट और कभी-कभार ही रह गई है।

vi. खासकर केपीबी के पीयूसी के भारत निर्यात की मात्रा ऐसे देशों से कम कीमतों पर आयात की मात्रा से अपेक्षाकृत काफी कम है जिन देशों में पाटन रोधी शुल्क नहीं है।

vii. यह तथ्य कि केपीबी के पीयूसी की भारत सुपुर्दगी छिटपुट और कभी-कभार ही रही है और वह भी सीधे तौर पर होने के बजाय विभिन्न असम्बद्ध व्यापारियों के माध्यम से हुई है - यह इस तथ्य को पुन: इंगित करता है कि भारत लक्ष्य बाजार नहीं है।

viii. घरेलू उद्योग का यह तर्क कि कोरिया से ऐसीटोन पर पाटन रोधी शुल्क को हटाए जाने से उसी तरह से पाटन पुन: आरंभ हो जाएगा जिस तरह से ताईवान से आयात के मामले में हुआ है, यह बात सही नहीं है क्योंकि कोरिया ऐसीटोन के अपने उत्पादन का 90% उपभोग करता है और उसके पास निर्यात के योग्य अधिशेष थोड़ा ही बचता है। कोरिया के पास जरूरतों को पूरा करने के लिए अनेक अन्य देश बाजार उपलब्ध है, कोरिया से आयात करने से चायनीज ताइपेई से आयात में बदलाव नहीं हुआ है और कोरिया की निर्यात कीमतों में खास बढ़ोतरी नहीं हुई है।

<u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

91. वर्तमान जांच कोरिया आरपी से संबद्ध वस्तुओं के आयात पर लगाए गए पाटन रोधी शुल्क की निर्णायक समीक्षा है। इन नियमों के अंतर्गत प्राधिकारी को यह निर्धारित करना होता है कि क्या पाटन रोधी शुल्क का निरंतर आरोपण न्यायसंगत है। इसके लिए इस बात की जांच करना भी जरूरी है कि क्या आरोपित शुल्क क्षतिकर पाटन को खत्म करने के अभिप्रेरित उद्देश्य को पूरा कर रहा है। वर्तमान जांच में चूंकि पाटन रोधी उपायों के आरोपण के बावजूद संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु का निरंतर पाटित आयात हो रहा है, यह प्राधिकारी नोट करते हैं कि इस बात की जांच करने की जरूरत नहीं है कि क्या शुल्क

